CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-124
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

उम्मीद रखना ऊँची उड़ानों की छांव में
ना खो जाना तुम, ठोकरों से सीख
लेना ज़रा सफर जारी रखना तुम।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, बुधवार 07 अगस्त 2024



## बांग्लादेश में हालात बेकाबू : पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर शुरू हुआ अत्याचार, घरों में तोड़फोड़ और लूट, मची चीख पुकार

# बांग्लादेश के होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाया

बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार के गठन की कवायद जारी है। लेकिन इसबीच, हिंसा थमती नहीं दिख रही है, अब प्रदर्शनकारियों की शक्ल में उत्पात मचा रहा कुछ चरमपंथियों ने टारगेट किलिंग शुरू कर दी हैं। भीड़ ने एक होटल में आग लगाकर कम से कम 24 लोगों को जिंदा जला दिया। इनमें एक इंडोनेशियाई नागरिक भी शामिल था। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं के घरों और मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अज्ञात हमलावरों ने मंगलवार को एक्टर शांतो खान को पीट-पीटकर मार डाला। पिछले दिनों भड़की हिंसा में उनके पिता की भी हत्या हुई थी। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। यह फैसला प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़कर भागने के एक दिन बाद लिया गया। शेख हसीना के खिलाफ एक छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन के हिंसक दमन के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया था। बीएनपी नेता और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने जेल से रिहा होने के बाद बांग्लादेश में हिंसा, तोड़फोड़ और सरकारी संसाधनों की लूट पर चिंता जताई है।



### होटल में मारे गए 24 लोगों में एक इंडोनेशियाई शामिल

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, खालिदा जिया ने जोशोर जिले की होटल में एक इंडोनेशियाई समेत 24 लोगों को जिंदा जलाने की घटना पर यह प्रतिक्रिया दी। यह होटल शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के जिला महासचिव शाहिन चक्कलदार का है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, उग्र प्रदर्शनकारियों ने सोमवार देर रात जबीर इंटरनेशनल होटल को आग के हवाले कर दिया था। ज्यादातर मरने वाले होटल के बोर्डर हैं।बांग्लादेश में भीड़ ने मंगलवार को एक्टर शांतो खान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पिछले दिनों भड़की हिंसा में उनके पिता सलीम खान की भी हत्या हुई थी। बताया जाता है कि शांतो ने एक फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म शांतो के पिता ने बनाई थी।

# एनसीईआरटी की किताबों से नहीं हटाई जाएगी संविधान की प्रस्तावना

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की किताबों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के आरोपों पर मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जवाब दिया है। उन्होंने इस आरोप को पूरी तरह निराधार बताया है कि प्रस्तावना को एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस शिक्षा जैसे विषय को भी अपनी झूठ की राजनीति के लिए इस्तेमाल करती है और इसके लिए बच्चों का सहारा लेती है, यह पार्टी की घटिया मानसिकता को दर्शाता है। शिक्षा मंत्री प्रधान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शुरू से ही भारत के विकास और शिक्षा व्यवस्था से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले और भारतीय शिक्षा प्रणाली को गलत बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से खबरें आ रही थीं कि एनसीईआरटी की कुछ पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने उन खबरों के बीच यह टिप्पणी की है जिनमें दावा किया गया है कि पाठ्यक्रम से प्रस्तावना को हटाने की बात चल रही है। एनसीईआरटी की रंजना अरोड़ा ने भी सोमवार को स्पष्ट किया था कि आरोप सही नहीं हैं। प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के आरोप निराधार हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली बार एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तकों में भारत के संविधान के विभिन्न पहलुओं -प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, राष्ट्रगान को उचित महत्व व सम्मान देने का काम किया है।




## लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 166 अंक टूटा, निफ्टी 24000 से फिसला



**मुंबई।** लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट के बाद मंगलवार को शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती दिखी लेकिन आखिरकार बिकवाली के बाद प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 166.33 (0.21त्न) अंक टूटकर 78,593.07 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 63.05 (0.26त्न) अंक फिसलकर 23,992.55 पर बंद हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 6 अगस्त को घटकर 440.27 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार 5 अगस्त को 441.84 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह इरए में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 1.57 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.57 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है।

## अपने पहले ही थ्रो में फाइनल में पहुंचे नीरज चोपड़ा



**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की शानदार शुरुआत की। नीरज ग्रुप बी के क्वालिफिकेशन में सबसे पहले शुरुआत करने आए और उन्होंने अपना इस सत्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया जो 84 मीटर के स्वत- क्वालिफिकेशन से काफी अधिक था। नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहतरीन शुरुआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज के अलावा पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने भी पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया और 86.59 मीटर का थ्रो कर स्वत- फाइनल के लिए क्वलिफाई कर लिया। नीरज की तरह अरशद का भी यह सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मुकाबला आठ अगस्त को भारतीय समयानुसार देर रात 11.50 बजे से होगा। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पीटर्स ने पहले प्रयास में 88.63 का थ्रो फेंक और वह ग्रुप बी से सीधे क्वालिफाई करने वाले तीसरे एथलीट रहे। नीरज पहले प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट रहे थे। पहले प्रयास में फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई करने के बाद नीरज और अरशद ने क्वालिफिकेशन में आगे हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया और वे अन्य प्रयास में भाला फेंकने नहीं आए। नीरज अब फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे।

### एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को झटका

# केंद्रीय कर्मचारियो को सरकार नहीं देगी 18 माह के डीए का एरियर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को तगड़ा झटका दे दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में स्पष्ट तौर से बता दिया है कि कोरोनाकाल के दौरान सरकारी कर्मियों का जो 18 फीसदी डीए/डीआर रोका गया था, अब उसका एरियर नहीं मिलेगा। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने डीओपीटी के सचिव (पी) से आग्रह किया था कि 18 माह के डीए का एरियर, कर्मियों का हक है। केंद्र सरकार के कर्मियों व पेंशनरों को कोरोनाकाल के दौरान रोके गए डीए/डीआर का एरियर जारी किया जाए। राज्यसभा सदस्य, जावेद अली खान और रामजी लाल शर्मा ने सदन में यह सवाल पूछा था कि क्या सरकार, कर्मचारियों को कोरोनाकाल के दौरान रोके गए डीए/डीआर के एरियर का भुगतान जारी करने के लिए सक्रिय है या नहीं। दोनों सांसदों ने पूछा कि अगर सरकार यह भुगतान जारी नहीं कर रही है, तो उसका क्या कारण है। भारतीय अर्थव्यवस्था, विश्व में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस साल डीए/डीआर जारी करने को लेकर कर्मचारी संगठनों के कितने प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने उन पर क्या कार्यवाही की है। इन सवालों के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, कोरोनाकाल में अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण डीए/डीआर रोका गया था। तब सरकार पर वित्तीय दबाव था। एनसीजेसीएम सहित सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों की तरफ से इस बाबत प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं। मौजूदा समय में उक्त भत्तों का एरियर देना संभव नहीं हैं। बता दें कि कोरोनाकाल में केंद्र सरकार ने कर्मचारियों का उक्त भुगतान रोक कर 34,402.32 करोड़ रुपए बचा लिए थे।



## लाल कृष्ण आडवाणी की फिर बिगड़ी तबीयत, अपोलो अस्पताल में हुए भर्ती

**नई दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी को डॉ. विनीत सूरी की निगरानी में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे निगरानी में हैं। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अपोलो अस्पताल की ओर से यह जानकारी दी गई है। बीते सप्ताह भी पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी एम्स नई दिल्ली में भर्ती हुए थे। डॉक्टर ने उन्हें फॉलोअप में आने के लिए सलाह दी थी। बुधवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई। 96 वर्षीय आडवाणी को बुधवार देर रात दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। उन्हें एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया था। जानकारी के मुताबिक, 26 जून बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उन्हें भर्ती कराया गया था।

# सूरत की हीरा कंपनी ने अपने 50 हजार कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**सूरत।** गुजरात के सूरत की एक प्रमुख हीरा विनिर्माण कंपनी ने मंगलवार को मंदी के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पॉलिश किए गए हीरों की कम मांग का हवाला देते हुए अपने 50,000 कर्मचारियों के लिए 17 से 27 अगस्त तक 10 दिन की छुट्टी की घोषणा की। किरण जेम्स कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, यह प्राकृतिक हीरों की दुनिया की सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनी है। किरण जेम्स के चेयरमैन वल्लभभाई लखानी ने बताया, हमने अपने 50,000 कर्मचारियों के लिए 10 दिन की छुट्टी की घोषणा की है। हालांकि, हम कुछ राशि काटेंगे, लेकिन सभी कर्मचारियों को इस अवधि के लिए वेतन दिया जाएगा। मंदी के कारण हमें यह छुट्टी घोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मैं अब इस मंदी से थक गया हूं।

**हीरों की मांग की कमी को रेखांकित किया-** वल्लभभाई लखानी ने कच्चे हीरों की कम आपूर्ति और कंपनी द्वारा निर्यात किए जाने वाले पॉलिश किए गए हीरों की पर्याप्त मांग की कमी को रेखांकित किया। लखानी ने कहा,मांग में इस गिरावट से अन्य खिलाड़ी भी प्रभावित हुए हैं, लेकिन वे चुप हैं। हमने इसे सक्रिय रूप से घोषित किया है, क्योंकि हम चाहते हैं कि लोगों को वास्तविकता पता चले। कर्मचारियों के लिए यह अवकाश हमारे उत्पादन को सुसंगत बनाने में मदद करेगा। इस मंदी के पीछे सटीक कारण कोई नहीं जानता।



**मंदी ने स्थानीय हीरा उद्योग को प्रभावित किया-**सूरत डायमंड एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश खुंट ने लखानी के विचारों को दोहराते हुए कहा कि मंदी ने स्थानीय हीरा उद्योग को प्रभावित किया है, जो दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत हीरों का प्रसंस्करण करता है। खुंट ने कहा,यह पहला मौका है जब किरण जेम्स ने (कर्मचारियों के लिए) इस तरह की छुट्टी घोषित की है। हालांकि, अभी तक किसी अन्य कंपनी ने ऐसा कदम नहीं उठाया है, लेकिन यह वास्तविकता है कि मंदी ने पॉलिश किए गए हीरों की बिक्री को कम कर दिया है। चूंकि पॉलिश किए गए 95 प्रतिशत हीरे निर्यात किए जाते हैं, इसलिए वैश्विक कारक हमेशा कीमती पत्थरों की बिक्री को प्रभावित करते हैं।

**इन युद्धों को बताया कारण** -खुंट ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फलस्तीन संघर्ष को कुछ कारकों के रूप में बताया। खूंट ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल की कार्रवाई कुछ ऐसे कारक हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर मांग को प्रभावित किया है।

वर्ष 2022 में, हमारे हीरा उद्योग का कारोबार लगभग 2,25,000 करोड़ रुपये था, जो आज घटकर लगभग 1,50,000 करोड़ रुपये रह गया है। इसलिए, हम पिछले दो वर्षों से नकारात्मक स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि सूरत में लगभग 4,000 बड़ी और छोटी हीरा पॉलिशिंग और प्रसंस्करण इकाइयां लगभग 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करती हैं।

CNews सिटी चीफ
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित
हिन्दी अखबार
Fastest Growing Media Network
अवश्यकता है
इंदौर भोपाल जिले के सभी तहसीलो में दैनिक अख़बार और डिजिटल रिपोर्टर की।
डिजिटल और प्रिंट के लिये मार्केटिंग टीम (मेल/फीमेल ) एवं हेल्परो की अवश्यकता हैं
डिजिटल मीडिया का क्रान्तिकारी कदम
डिजिटल भारत में खबरों के लिए देखे सिटी चीफ न्यूज़
रिपोर्टर बनने के लिए सम्पर्क करे
9755996590

## सिंगल कॉलम

### युग पुरुष आश्रम में एक और बच्ची की बीमारी से मौत

**इंदौर।** युग पुरुष आश्रम की एक बच्ची की सोमवार रात बीमारी की वजह से मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार शव लेकर रवाना हो गए। चार दिन पहले सिया पिता मनोज (2) को चाचा नेहरू अस्पताल रैफर किया था। सोमवार रात उसकी मौत हो गई थी। बालिका बचपन से ही दिव्यांग थी। दो साल की उम्र में उसका वजन सिर्फ 5.5 किलो ही था। उसे सेप्टिसिस हुआ था जिसके कारण उसकी मौत हुई। उसे 15 दिन पहले परिजन ने युग पुरुष आश्रम में भेजा था। वह ठीक से चल फिर भी नहीं पाती थी और न ही कुछ ज्यादा खाती थी। चार दिन पहले उसकी नाजुक हालत को देखते हुए परिवार को सूचना दे गई थी। इस पर वे इंदौर आए और फिर एडमिट कराया। कलेक्टर आशीष सिंह ने स्पष्ट किया बच्ची की मौत में लापरवाही नहीं पाई गई। उसकी मौत बीमारी से ही हुई है। उन्होंने कहा कि आश्रम से जो बच्चे रैफर किए गए थे। वे अब युग पुरुष आश्रम में ही है। इनमें से 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के बच्चों को दूसरे आश्रम में रैफर किया है। ऐसे ही जिन बच्चों का परिवार है उन्हें माता-पिता को सौंपा गया है।

### देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की लॉ की परीक्षा एक हफ्ता आगे बढ़ी

**इंदौर।** इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने लॉ एग्जाम के टाइम टेबल में बदलाव किया है। मंगलवार को नया एग्जाम शेड्यूल जारी किया। देखा जाए तो इन एग्जाम को एक हफ्ता आगे बढ़ा दिया है। इसका कारण एग्जाम सेंटरों पर दूसरी एग्जाम चलना बताया है। डीएवीवी के एग्जाम कंट्रोलर डॉ.अशेष तिवारी ने बताया कि बीए एलएलबी, बी.कॉम एलएलबी और बीबीए एलएलबी के तीसरे, पांचवें और सातवें सेमिस्टर की एग्जाम के शेड्यूल को एक हफ्ता आगे बढ़ा दिया है यानी इन तीनों सेमिस्टर की एग्जाम एक हफ्ता आगे बढ़ गई है। इन एग्जाम 16 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होगी। यूनिवर्सिटी की दूसरी एग्जाम भी चल रही है, इस वजह से ये एग्जाम आगे बढ़ाई है। एग्जाम के एक हफ्ता आगे बढ़ने से स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए थोड़ा वक्त ओर मिलेगा। देखा जाए तो स्टूडेंट्स को एक हफ्ते का वक्त तैयारी के लिए ओर मिल गया है।

### इंदौर में कोरोना के दो नए मरीज मिले, हालत सामान्य

**इंदौर।** इंदौर में कोरोना के दो नए मरीज पाए गए हैं। दोनों की हालत सामान्य है। दरअसल इन्हें सर्दी, खांसी और सांस लेने में परेशानी थी। इस पर जांच कराई तो पॉजिटिव पाए गए। इधर, हैरानी की बात है कि अफसरों को इसकी जानकारी नहीं है। इनमें से एक 60 वर्षीय महिला है। उसने इंदौर के ही एक प्राइवेट लैब से जांच कराई थी। मंगलवार को जांच रिपोर्ट में वह पॉजिटिव पाई गई। वह वैशाली नगर की रहने वाली है। वह होम आइसोलेट है और हालत ठीक है। दूसरा मामला 44 वर्षीय व्यक्ति का है। वह खण्डवा रोड का रहने वाला है। दो दिन पहले उसने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाया था। यहां हॉस्पिटल की लैब में उसकी जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वह अभी एडमिट है और स्थिति ठीक है। एक अन्य नीमच के व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव की सूचना है लेकिन वह इंदौर में नहीं है। सीएमएचओ डॉ. बीएस सेतिया के मुताबिक उन्हें कोरोना के किसी मरीज की जानकारी नहीं है। इंदौर में 48 घंटों में डेंगू के 18 मरीज मिले हैं। इनमें 8 मरीज सोमवार को और 10 मरीज मंगलवार को मिले हैं। इनका घर पर ही इलाज चल रहा है। इस बीच एक महिला स्वाइन फ्लू पॉजिटिव पाई गई। उसे सरकारी एमआरटीबी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। उसकी हालत ठीक है। जिन क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिले हैं वहां लार्वा सैंपल लेकर छिड़काव किया जा रहा है। इसके पूर्व ड्रोन कैमरे से चिन्हित लार्वा के क्षेत्रों में भी छिड़काव कराया गया। उधर, 28 वर्षीय स्वाइन फ्लू ग्रस्त 28 वर्षीय महिला की हालत ठीक है। इसके पूर्व तीन माह पहले स्वाइन फ्लू के मरीज मिले थे। जनवरी में एक मरीज पाया गया था। इस तरह इस साल 5 मरीज पाए गए हैं।

### दिल्ली हादसे के बाद इंदौर में अलर्टउ बेसमेंट में पार्किंग की जगह कुछ और मिला, तो होगी कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम बेसमेंट वाले भवनों की सूची तैयार करेगा। निगम और प्रशासन की टीम इन भवनों का निरीक्षण करेगी। ऐसे भवन जहां तलघर की वजह से किसी दुर्घटना की आशंका है और अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है, उन्हें तत्काल सील कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा जाएगा कि भवन में स्वीकृत नक्शे के अनुसार स्वीकृत गतिविधि संचालित हो रही है या कोई अन्य गतिविधि। अगर स्वीकृत नक्शे के अनुसार गतिविधि संचालित नहीं पाई जाती है या पार्किंग के स्थान पर अन्य कोई गतिविधि संचालित हो रही है, तो संबंधित भवन में सुधार के लिए एक माह का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर सुधार नहीं किया जाता है तो कार्रवाई करेंगे। यह निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने मंगलवार को निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की बैठक में दिए। बेसमेंट में संचालित हो रही कोचिंग क्लासेस, होटल, रेस्टॉरेंट के खिलाफ जिला प्रशासन और निगम की कार्रवाई जारी है।

## इंदौर नगर निगम घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

# पुलिस ने कांग्रेसियों पर चलाई वाटर कैनन, लाठियां भी भांजी





**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। इंदौर में नगर निगम में हुए सवा सौ करोड़ के घोटाले के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को निगम मुख्यालय पर हल्ला बोला। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने निगम परिसर में घुसने का प्रयास किया। इन्?हें पुलिस ने खदेड़ दिया। इसके लिए वाटर कैनन का सहारा लिया गया। जीतू पटवारी ने धरना स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर निगम में घोटालों का मुद्दा उठाया। उन्होंने जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले में संभागायुक्त इंदौर से मिलने चलते हैं। जैसे ही कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे, पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया। कुछ कार्यकर्ता जब बेरिकेड पर चढ़ने लगे तो पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर पानी की तेज बौछार मारकर प्रदर्शनाकारियों को तितर-बितर कर दिया। इस दौरान एक कवरेज कर रहे एक मीडियाकर्मी का बेरिकेड पर गिरने से सिर फट गया और दो कार्यकर्ता भी घायल हुए। पुलिसकर्मियों ने इस दौरान लाठियां भी भांजी।

बीते दिनों इंदौर नगर निगम में फर्जी बिल के साथ कुछ अन्य घोटाले भी हुए थे, जिसे लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन का आह्वान किया था। इंदौर नगर निगम घोटाला, किसानों की समस्याओं, नीट और नर्सिंग घोटाले को लेकर प्रदर्शन का आयोजन निगम परिसर में किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच से संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को हाईजेक कर इंदौर में लोकतंत्र की हत्या की। उन्होंने इंदौर का राजनीतिक प्रदूषण बिगाड़ा। गांधी भवन में वे पौधारोपण के रिकार्ड का आमत्रंण देने आए थे, लेकिन विजयवर्गीय को इंदौर का पर्यावरण नहीं सुधारना था, बल्कि गृह मंत्री अमित शाह के सामने यह बताना था कि वे मुख्यमंत्री पद के दावेदार है। दरअसल भाजपा में अंदरुनी तौर पर आपरेशन लोटस की तैयारी चल रही है। इंदौर में 12 लाख पौधे लगाने का दावा किया जा रहा है,जबकि पौधे लगाने के नाम पर बागड़ लगाई गई है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि विजयवर्गीय जब भी पावर में आते हैं तो निगम में घोटाले शुरू हो जाते है। पेंशन, सुगनीदेवी लीज घोटाले के बाद पाइप घोटाला हो गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदर्शन के दबाव में ईडी ने पाइप घोटाले के आरोपियों के यहां छापे मारे, लेकिन ईडी को अब ईमानदारी से इसकी जांच करना चाहिए। जिसकी गुंजाईश कम है। सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहा कि इंदौर में भाजपा के पार्षद पर रेप का केस दर्ज हुआ, लेकिन भाजपा मामले को दबाने में लगी है। उसे अपने पद से नहीं हटाया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम रोशन रॉय को ज्ञापन सौंपा और घोटाले की जांच की मांग की। इस प्रदर्शन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गांधी भवन की खातिरदारी करने पर निलंबित किए गए दोनों कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा और सदाशिव यादव भी शामिल हुए। दोनों को हाल ही में बहाल किया गया है। गौरतलब है कि इंदौर जीतू पटवारी का गृह जिला है। अर्से बाद कांग्रेस ने इंदौर में बड़ा प्रदर्शन किया है। फर्जी बिल मामले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो गई है। यह कथित रूप से 100 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह बड़ा मुद्दा है। इससे भुनाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पद पर इंदौर के नेता अमित चौरसिया को नियुक्त किया है। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा के समर्थक चौरसिया को यह जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दी। इंदौर में मंगलवार को हुए प्रदर्शन के दौरान उन्हे प्रवक्ता बनाए जाने की जानकारी दी गई। इसके बाद नियुक्ति पत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने द्वारा जारी किया गया है। वे पांच साल पहले वे इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी संभाल चुके है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि चौरसिया को प्रदेश कांग्रेस का प्रवक्ता बनाया गया है। वे पहले भी इस पद की जिम्मेदारी को निभा रहे थे। वे कांग्रेस की रीति नीति और भावनाओं के अनुरूप कांग्रेस संगठन की मजबूती, प्रचार-प्रसार, विपक्ष की भूमिका को मीडिया के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर कर जनता के बीच पूरी सक्रियता के साथ अपना पक्ष रखेंगे। चौरसिया को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता नियुक्त होने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, प्रदेश सचिव राजेश चौकसे,गिरधर नागर,जय हार्डिया,इंदौर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे,अनिल यादव,अफसर पटेल ने बधाई दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को दिए निर्देश, तीन माह में फैसला करें,अवमानना की प्रोसिडिंग पर जोर न दें

# अभी नहीं टूटेंगे न्याय नगर के मकान, सुप्रीम कोर्ट का स्टे





**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। न्याय नगर की कृष्णबाग कॉलोनी में रहवासियों के निर्माण तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया है। प्रशासन ने पिछले दिनों हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद कई लोगों के घर तोड़ दिए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में एसडीएम, तहसीलदार को नोटिस भी जारी किए हैं। प्रशासन द्वारा कई मकानों पर रिमूवल की कार्रवाई की गई थी, लेकिन पूरे मामले में पीड़ित पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें सभी रहवासियों को राहत मिल गई है। अब न्याय नगर की कृष्णबाग कॉलोनी में प्रशासन के द्वारा अभी कोई कार्रवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे के बाद सभी रहवासियों ने राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन ने 26 जुलाई को यहां पर 15 मकानों पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की थी। इनमें से कई मकान ऐसे थे, जिन पर स्टे था। इसके बावजूद उन्हें तोड़ दिया गया था।

**तीन माह तक के लिए मिला स्टे**
सुप्रीम कोर्ट ने रहवासियों को राहत देते हुए रिमूवल की कार्रवाई पर तीन महीने का स्टे दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं होगी। मंगलवार दोपहर बाद केस में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के एडवोकेट पद्मनाभ सक्सेना ने बताया कि सहकारिता विभाग की परमिशन से न्याय नगर संस्था ने श्रीराम बिल्डर को जमीन बेची थी। वह परमिशन सहकारिता विभाग ने वापस ले ली थी। इसी से संबंधित पिटिशन हाई कोर्ट में पेंडिंग है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को कहा है कि वह तीन महीने में फैसला करें और अभी यथा स्थिति बनी रहने दें। अवमानना की प्रोसिडिंग पर जोर नहीं दिया जाए।
यहां की जमीन पर श्री राम बिल्डर्स ने अपना दावा लगा रखा है। इसके साथ अहिल्या संस्था और रहवासियों ने भी अपना दावा लगाया हुआ है। सभी के अलग अलग मामले कोर्ट में चल रहे हैं। यहां पर अधिकांश जमीनों पर लोगों ने मकान बना लिए हैं और वे लगभग 20 साल से यहां पर रह रहे हैं। अब प्रशासन ने यहां पर पिछले दिन 15 घरों को हाईकोर्ट के आदेश पर तोड़ दिया था। इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दे दिया है।

# 1 सिंतबर से एयर इंडिया एक्सप्रेस शुरू करेगी इंदौर-बेंगलुरु फ्लाइट




**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर से बेंगलुरु के लिए एक और सीधी फ्लाइट का संचालन 1 सिंतबर से शुरू होने जा रहा है। इस फ्लाइट का संचालन वर्तमान में इंदौर से दुबई और शारजाह के लिए फ्लाइट का संचालन करने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। एयरलाइंस कंपनी ने इंदौर से बेंगलुरु के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट की बुकिंग सोमवार से शुरू कर दी है। एयरलाइंस कंपनी ने बुकिंग शुरू करने के साथ ही इसका शेड्यूल भी अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एमपी-सीजी चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष और जोश ट्रैवल के एमडी टीके जोश ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस कंपनी के अधिकारी इंदौर ट्रेवल्स एजेंट से मिलने आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने हमें बताया कि उन्होंने इंदौर से बेंगलुरु के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट की बुकिंग शुरू कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी जल्द ही इंदौर से दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता के लिए फ्लाइट शुरू करने जा रही है। वहीं अधिकारियों ने हमसे चर्चा की है कि इंदौर से और कहां की फ्लाइट शुरू की जा सकती है। जिस पर हमने उन्हें इंदौर से बैंकॉक की इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने के लिए कहा है। जिस पर अधिकारियों ने हमें जल्द ही यह फ्लाइट शुरू करने के लिए कहा है।

**इंदौर से बेंगलुरु का यह है शेड्यूल**
टीके जोश ने बताया कि 1 सितंबर से शुरू होने वाली इंदौर से बेंगलुरु की फ्लाइट के लिए कंपनी बोइंग 737 मैक्स एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करेगी। जिसमें 172 इकोनॉमी सीट है वहीं 8 बिजनेस क्लास सीट है। इस फ्लाइट के शुरू होने से इंदौर से जाने वाले यात्रियों को बेंगलुरु के साथ ही कोच्चि, कन्नूर, त्रिवेंद्रम, चेन्नई और मैंगलोर के लिए आसानी से कनेक्टिंग फ्लाइट मिल जाएगी। एयरलाइंस से मिली जानकारी के अनुसार 1 सितंबर से शुरू हो रही फ्लाइट सुबह 11.10 बजे बेंगलुरु से उडान भरकर 1 बजे इंदौर आएगी। वहीं वापसी में इंदौर से 1.30 बजे उड़ान भरेगी जो की 3.30 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। इस फ्लाइट को मिलाकर इंदौर से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइटों की संख्या 4 हो जाएगी।

# आईआईटी इंदौर में बने ऐसे जूते जिसे पहन चलने से बनेगी बिजली, इनसे डिवाइस होंगे चार्ज

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी इंदौर) ने सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए विशेष प्रकार के जूते विकसित किए हैं, जो पहनकर पैदल चलने पर ऊर्जा पैदा करेंगे। सैनिक इनसे इलेक्ट्रानिक डिवाइस चार्ज कर सकेंगे। ये जूते ट्राइबो-इलेक्ट्रिक नैनोजनरेटर (टीईएनजी) तकनीक पर आधारित हैं। इन्हें आईआईटी इंदौर के संकाय सदस्य प्रोफेसर आईए पलानी के मार्गदर्शन में विकसित किया गया। संस्थान ने ऐसे दस जोड़ी जूते रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को सौंपे हैं, ताकि इन्हें सैनिकों के काम में आने लायक बनाने की अगली प्रक्रिया शुरू की जा सके। यह जूते बिजली पैदा करने के साथ ही जीपीएस के माध्यम से उस स्थान का भी पता लगा सकेंगे, जहां इन्हें पहनने वाला सैनिक खड़ा होगा। इन जूतों को बनाने के लिए आईआईटी इंदौर में महीनों से शोधकार्य चल रहा था। विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों पर काम करते हुए अंततः यह जूते ट्राइबो-इलेक्ट्रिक नैनोजनरेटर (टीईएनजी) आधारित करते हुए तैयार किए गए।

# आर्मी के नए जूते, कदमों से बिजली पैदा होगी, लोकेशन पता चलेगी

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। आईआईटी इंदौर ने डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन को नए जूते बनाकर दिए हैं। भारतीय सेना के लिए यह नए जूते बेहद काम आएंगे। इनमें आईआईटी के युवाओं ने कई तकनीकों का इस्तेमाल किया है। आईआईटी इंदौर ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के डीआरडीओ को इन जूते की 10 जोड़ी सौंपी है। यह जूते ट्राइबो-इलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर (टीईएनजी) आधारित हैं। इन जूतों की मदद से एडवांस ट्रैकिंग के साथ बिजली की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर आई. ए. पलानी ने बताया कि यह जूते, मानव गति से बिजली बनाते हैं र इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्ज करने में मदद करते हैं।

**सेना को कैसे मिलेगी मदद**
आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा कि इस तकनीक से सेना को बड़ी मदद मिलेगी। इससे रियल टाइम लोकेशन पता चल सकेगी, ट्रैकिंग की क्षमताएं बढ़ेंगी और सैन्य कर्मियों की सुरक्षा और दक्षता बेहतर होगी। टीईएनजी-संचालित जूते आवश्यक जीपीएस और आरएफआईडी सिस्टम से बने हैं, जो विभिन्न सैन्य जरूरतों के लिए एक आत्मनिर्भर और विश्वसनीय समाधान प्रदान करते हैं। जैसे-जैसे कुशल और पोर्टेबल बिजली स्रोतों की मांग बढ़ती जा रही है, आईआईटी इंदौर के नवाचार पर इसी पर आधारित होते जा रहे हैं।

**यह है तकनीक**
वहीं, प्रोफेसर पलानी ने कहा कि इन जूतों में टीईएनजी प्रणाली प्रत्येक कदम के साथ बिजली उत्पादन करती है। इसमें उन्नत ट्राइबो-जोड़े, फ्लोरिनेटेड एथिलीन प्रोपलीन (एफईपी) और एल्यूमीनियम का उपयोग किया गया है। यह बिजली जूते के सोल के भीतर एक केंद्रीय उपकरण में संग्रहीत होती है। छोटे इलेक्ट्रॉनिक सर्किट के लिए यह एक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत बनती है। इसके अतिरिक्त, जूतों में परिष्कृत ट्रैकिंग तकनीक की सुविधा है, जिसमें 50 मीटर की रेंज के साथ आरएफआईडी और सटीक लाइव लोकेशन ट्रैकिंग के लिए सैटेलाइट-आधारित जीपीएस मॉड्यूल शामिल है।

**बुजुर्गों और मरीजों के भी काम आएंगे ये जूते**
बुजुर्ग सदस्यों वाले परिवारों के लिए, विशेष रूप से अल्जाइमर रोग वाले लोगों के लिए ये जूते रियल टाइम लोकेशन बताएंगे और मानसिक शांति प्रदान करेंगे। कामकाजी माता-पिता स्कूल के दिन अपने बच्चों के लोकेशन की निगरानी कर सकते हैं और स्कूल सटीक उपस्थिति रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए आरएफआईडी तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। औद्योगिक सेटिंग में, जूते उपस्थिति ट्रैकिंग और कर्मचारी निगरानी के लिए उपयोगी होते हैं।

**स्पोर्ट्स में भी आएंगे काम**
एथलीटों के पैरों की गतिविधियों का विश्लेषण करके एथलेटिक उद्योग भी इन जूतों से लाभ उठा सकता है, जो प्रदर्शन और प्रशिक्षण तकनीकों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। ट्रैकिंग और पर्वतारोहण के शौकीनों के लिए, जूते अपने स्व-संचालित जीपीएस फीचर के साथ अभियानों के दौरान विश्वसनीय ट्रैकिंग प्रदान करते हैं, जिससे सुरक्षा और कुशल नेविगेशन सुनिश्चित होता है।

## भोपाल की सड़कों को लेकर कमलनाथ का तंज

# सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है, पहचानना मुश्किल



**सिटी चीफ भोपाल।**
पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राजधानी भोपाल की सड़कों को लेकर सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर सड़कों की हालत खराब हो गई है। प्रदेश के स्टेट हाईवे और शहर के अंदर की सड़कों की दशा दयनीय है। खुद राजधानी भोपाल का हाल ऐसा हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है, यह पहचानना मुश्किल है।
उन्होंने आगे लिखा कि इसकी वजह सिर्फ़ यह नहीं है कि मानसून के कारण सड़कें उखड़ रही हैं बल्कि इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ज्यादातर सड़कें खराब गुणवत्ता की बनाई गईं। उखड़ी हुई सड़कें खुद ही सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की गवाही दे रही हैं। बारिश में सड़कों का बह जाना बता रहा है कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार में भी पिछली शिवराज सिंह सरकार के जमाने की ह्लपैसा दो, काम लोह्व की नीति चल रही है और कमीशन और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

**सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी**

कमलनाथ ने लिखा कि मैं मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं कि सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएं, क्योंकि यह न सिर्फ सरकारी धन की बबार्दी है, बल्कि बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। मध्य प्रदेश के नागरिकों के प्राणों की रक्षा के लिए सड़कों की बेहतर क्वालिटी आवश्यक है। कमलनाथ ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि प्रदेश में लगातार इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं जिनमें भवन या दीवार गिरने से मासूम बच्चों की मृत्यु हुई है। रीवा और सागर में बच्चों की मृत्यु की दुखद घटनाओं ने सबका दिल दहला दिया है। अब इस तरह की रिपोर्ट भी सामने आ रही है कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी दोनों तरह के स्कूल कमजोर और पुरानी इमारतों में चल रहे हैं।

**कमजोर इमारतों में बच्चों को पढ़ाना भीषण जोखिम**

नाथ ने आगे लिखा कि भोपाल में ही 42 स्कूलों के जीर्ण-शीर्ण भवनों में चलने की रिपोर्ट सामने आई है। कमजोर इमारतों में बच्चों को पढ़ाना भीषण जोखिम को आमंत्रित करने के बराबर है। ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल भवनों पर किसी तरह का ध्यान न देकर सरकार बच्चों की सुरक्षा से गम्भीर खिलवाड़ कर रही है। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि पूरे प्रदेश में सभी तरह के सरकारी और निजी स्कूल की इमारतों की मजबूती की जांच कराई जाए और तत्काल उनकी मरम्मत शुरू की जाए। जब तक किसी स्कूल की मरम्मत का कार्य चलता है तब तक बच्चों को किसी दूसरे स्कूल में पढ़ने के लिए भेजा जाए ताकि उनकी सुरक्षा को कोई खतरा न हो।

## कांग्रेस विधायक ने डॉ. गोपाल यादव को लिखा पत्र

# डिप्टी सीएम पर मुख्यमंत्री को हटाने की साजिश का आरोप

**सिटी चीफ भोपाल।**
रीवा के सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने सीएम मोहन यादव को दो पेज का पत्र लिखकर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला पर आरोप लगाया है कि वे सीएम बनने का प्रयास कर रहे हैं और उनकी विधानसभा में विकास कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। विधायक ने आरोप लगाया है कि डिप्टी सीएम अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अधिकारियों को निलंबित करने और तबादला करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि डिप्टी सीएम गौशाला के नाम पर करोड़ों कमा रहे हैं और विकास कार्यों में रोड़ा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट स्वीकृत होने के बाद भी सड़क के निर्माण को अधिकारियों के माध्यम से रोका जा रहा है और हैंडपंप तक नहीं लगने दिए जा रहे हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि डिप्टी सीएम लगातार अधिकारियों की बैठक कर रहे हैं और सेमरिया क्षेत्र के विकास को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।



**सीएम की तरह दे रहे निर्देश, श्रीनिवास तिवारी बन रहे**

उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री की तरह निर्देश दे रहे हैं, जो कि उनके पद का दुरुपयोग है। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या डिप्टी सीएम को मैं भी बतौर मुख्यमंत्री स्वीकार कर सकता हूं? उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम पूर्व विधानसभा स्पीकर स्वर्गीय पंडित श्रीनिवास तिवारी बनने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें मालूम नहीं है कि श्रीनिवास तिवारी बना नहीं जाता, उनके जैसी शख्सियतें जन्म लेती हैं। विधायक ने कहा कि डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल अपनी शक्तियों का गलत उपयोग कर रहे है। वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की छवि को विंध्य में धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। मिश्रा ने आरोप लगाया कि शुक्ला खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

**आरोप निराधार, मिश्रा शराब ठेकेदार = प्रजापति**

वहीं, मिश्रा के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि उनका आरोप निराधार है। सभी लोग जानते हैं कि वह शराब के ठेकेदार हैं। उनकी बुद्धि का अंदाजा लगाया जा सकता है। राजेंद्र शुक्ल क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं। विकास कार्यों को देखकर अभय मिश्रा की हताशा सामने आ रही है।

### निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने लिया जा यजा, सभी तलों पर जाकर कार्यों का किया अवलोकन

# नगर निगम के निमार्णाधीन बिल्डिंग में सभाकक्ष बनाने की तैयारी

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने निमार्णाधीन निगम मुख्यालय भवन का जायजा लिया और भवन के शेष सभी कार्यों की गुणवत्ता के साथ और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यालय भवन में परिषद सभाकक्ष निर्माण हेतु विचार विमर्श कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय, आर्किटेक्ट मनोज शर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी व निर्माण कार्य से संलग्न एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।
निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सोमवार को तुलसी नगर सेकंड स्टाप के पास निमाणार्धीन निगम मुख्यालय भवन के कार्यों का जायजा लिया। अध्यक्ष सूर्यवंशी ने निमाणार्धीन मुख्यालय भवन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और मुख्यालय भवन के अंदर एवं बाहर तथा सभी तलों पर जाकर कार्यों का अवलोकन किया। अध्यक्ष सूर्यवंशी ने निगम के पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों, आगन्तुकों के बैठने व विभिन्न विभागों के कक्षों आदि की भी जानकारी ली। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने निगम मुख्यालय भवन के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी कार्यों को मानकस्तर की गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**लोगों के लिए सहायता डेस्क बनाने के निर्देश**

सूर्यवंशी ने आम नागरिकों के लिए सहायता डेस्क विकसित करने, शुद्ध पेयजल, केन्टीन एवं पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। किशन सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि मुख्यालय भवन में परिषद के सभाकक्ष निर्माण पर भी विचार विमर्श करते हुए योजना को मूर्तरूप देने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### चंबल नदी से पानी लाने की योजना के लिए रखी अतिरिक्त राशि की डिमांड

# मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम से मांगे 372 करोड़

**सिटी चीफ भोपाल।**
केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बुधवार को भोपाल पहुंचे। भोपाल पहुंचते ही सिंधिया ने पहली बैठक मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ की। दो घंटे चली बैठक में सिंधिया ने विकास परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री से बातचीत की। इससे पहले सिंधिया का भोपाल हवाईअड्डे पर भाजपा के कार्यकताओं एवं राज्य के मंत्रियों ने स्वागत किया।
केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ बातचीत में ग्वालियर की पानी की समस्या का निवारण पर फोकस रखा। ग्वालियर में पानी की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सिंधिया के नेतृत्व में चंबल नदी से पानी लाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए शेष राशि 372 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने का सिंधिया ने अनुरोध किया। ग्वालियर में अंबेडकर स्मारक के द्वितीय चरण लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति एवं आवंटन पर जोर दिया गया। इस चरण में बाबा अंबेडकर को समर्पित डिजिटल लाइब्रेरी, लाइट एंड साउंड शो एवं आम जनता के लिए अनेक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।
इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने गुना और शिवपुरी में हवाईअड्डा बनाने पर भी चर्चा हुई। सिंधिया ने कहा इस काम को राज्य सरकार के सहयोग से जल्दी से जल्दी पूरा करेंगे। गुना जिला अस्पताल को 400 बिस्तर से 600 बिस्तर बनाने की मांग को भी सिंधिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। अशोकनगर में नवीन एग्रीकल्चर कॉलेज की स्वीकृति और इसके बजट आवंटन पर भी सिंधिया ने जोर दिया। साथ ही गुना के तात्या टोपे विश्वविद्यालय में नवीन भवन निर्माण एवम स्टाफ की नियुक्ति के लिए बजट आवंटन के लिए भी सिंधिया ने मुख्यमंत्री से बात की। ग्वालियर में औद्योगिक निवेश लाने के विषय पर भी चर्चा हुई।



# विधानसभा में 6 समितियों का गठन, बिश्नोई प्राक्कलन समिति के सभापति नियुक्त

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश विधानसभा में 6 महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया है, जिनके सभापति भी नियुक्त कर दिए गए हैं। इन समितियों में प्राक्कलन समिति, लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम समिति, एससी एसटी कल्याण समिति, स्थानीय निकाय व पंचायती राज लेखा समिति और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति शामिल हैं। विधानसभा सचिवालय की तरफ से जारी आदेश में प्राक्कलन समिति का सभापति अजय बिश्नोई, लोक लेखा समिति का सभापति भंवर सिंह शेखावत, सार्वजनिक उपक्रम समिति का सभापति उषा ठाकुर, एससी एसटी कल्याण समिति के सभापति बिसाहूलाल साहू, स्थानीय निकाय व पंचायती राज लेखा समिति रमेश मेंदोला और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति महेंद्र हार्डिया को बनाया गया है।



लोक लेखा समिति- भंवर सिंह शेखावत (सभापति), जय मलैया, भूपेंद्र सिह, मीना सिंह माण्डवे, संजय सत्येंद्र पाठक, हरिशंकर पाठक, हरिशंकर खटीक, राजेंद्र पाण्डेय, चंद्रशेखर देशमुख, रीति पाठक, हेमंत सत्यदेव कटारे, रजनीश हरवंश सिंह।
प्राक्कलन समिति- अजय विश्नोई (सभापति), ओमप्रकाश धुर्वे, मालिनी गौड़, रामेश्वर शर्मा, आशीष गोविंद शर्मा, राजेश कुमार वर्मा, भगवानदास सबनानी, चिंतामणि मालवीय, अभय मिश्रा, दिनेश जैन बोस, संजय उइके।
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति- ऊषा ठाकुर (सभापति), सुरेंद्र पटवा, हरिसिंह रघुवंशी, सूर्य प्रकाश मीणा, प्रहलाद लोधी, योगेश पण्डाग्रे, राकेश शुक्ला (गोलू), फूलसिंह बरैया, हेमंत सत्यदेव कटारे, विपिन जैन।
स्थानीय निकाय एवं पंचायतीराज लेखा समिति- रमेश मेंदोला (सभापति), शैलेंद्र जेन, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, विश्वामित्र पाठक, हेमंत विजय खंडेलवाल, राजेश सोनकर, घनश्याम चंद्रवंशी, दिव्यराज सिंह, सतीश सिकरवार, जयवर्द्धन सिंह, सचिन यादव।
अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण संबंधी समिति- बिसाहूलाल (सभापति), जयसिंह मरावी, प्रभुराम चौधरी, उमादेवी खटीक, पन्नालाल शाक्य, राजेंद्र मेश्राम, कालूसिंह ठाकुर, चंद्रसिंह सिसौदिया, सुरेश राजे, राजन मण्डलोई और हीरालाल अलावा।
पिछले वर्गों के कल्याण संबंधी समिति- महेंद्र हार्डिया (सभापति), दिनेश राय मुनमुन, मनोज नारायण सिंह चौधरी, हजारीलाल दांगी, संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, अरुण भीमावद, अमर सिंह यादव, मोहन सिंह राठौर, दिनेश गुर्जर, राजेंद्र भारती और सिद्धार्थ कुशवाह।

## 400 केवी ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट के लिए तीन बार हो चुके टेंडर

# सीएंडडी वेस्ट के दो प्लांट के संचालन के लिए निगम को नहीं मिल रहे ठेकेदार

**सिटी चीफ भोपाल।**
स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम को रैंकिंग का फायदा दिलाने के लिए जरूरी दो प्लांट अब सफेद हाथी बन चुके हैं। नगर निगम ने सीएंडडी वेस्ट प्लांट पर पौने दो करोड़ रुपये तो खर्च कर दिए, लेकिन अब इसके संचालन के लिए कोई ठेकेदार नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि थक-हारकर निगम को पांचवीं बार टेंडर प्रक्रिया करनी पड़ रही है।
वहीं 400 केवी ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट के लिए तीन बार टेंडर करने के बाद भी कोई फर्म इच्छुक नहीं है। इस सोलर प्लांट को लाल टिपारा स्थित गौशाला में स्थापित किया जाना है, ताकि 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट के बिजली के खर्च में कुछ कमी की जा सके। इसके चलते निगम के अधिकारी बार-बार नियम-शर्तों में गुंजाइश तलाश रहे हैं। नगर निगम ने वर्ष 2022 में पौने दो करोड़ रुपए की लागत से 50 टन प्रतिदिन क्षमता वाला सीएंडडी वेस्ट प्लांट जलालपुर पर तैयार कर लिया। इस प्लांट के संचालन के लिए निगम को ठेकेदार फर्म की तलाश है, जो शहर से निर्माण एवं विध्वंस सामग्री (मकानों या सड़क का मलबा) इकट्ठा कर प्लांट पर ले जाए और वहां इससे पेवर ब्लाक तैयार करे।



इनसे वह प्लांट के संचालन का खर्चा निकालने के साथ ही नगर निगम को भी राजस्व प्रदान करे। कई बार प्रयास के बावजूद निगम को इसके लिए कम कीमत के आफर ही मिल रहे हैं। पिछली टेंडर प्रक्रिया में सिर्फ 25 हजार रुपये प्रतिमाह का आफर मिला था, जिसे निगम ने नकार दिया। अब पांचवीं बार टेंडर किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा पैसे का आफर प्राप्त हो सके। हालांकि इसकी संभावना काफी कम नजर आ रही है।

**1.92 करोड़ की लागत, ठेकेदार मांग रहे ढाई करोड़**

सोलर प्लांट के लिए निगम ने 1.92 करोड़ की लागत तय की है। गौशाला में तैयार किए नए टीनशेड के ऊपर 400 केवीए का सोलर प्लांट लगाया जाना है, जो बिजली उत्पादन कर सीधे पावर ग्रिड में सप्लाइ कर सके। इसके बदले में गौशाला में मौजूद सीएनजी प्लांट के बिजली के बिल का समायोजन किया जा सकेगा और प्लांट के बिल की राशि कम हो सकेगी। इसके लिए तीन बार टेंडर प्रक्रिया करने के बावजूद ठेकेदार फर्में कम से कम ढाई करोड़ की मांग कर रही हैं। ऐसे में निगमायुक्त हर्ष सिंह ने एक बार फिर से टेंडर बुलाने के निर्देश दिए हैं।

सम्पादकीय

# बांग्लादेश की सियासत में 'दो बगमों' की लड़ाई....

**खालिदा जिया और शेख हसीना के बीच प्रधानमंत्री पद को लेकर पिछले कई दशकों से लड़ाई चल रही है। इसलिए दोनों नेताओं की लड़ाई को बांग्लादेश की जनता बेगमों की लड़ाई कहती है। अभी जिस तरह से शेख हसीना की सत्ता गई, कुछ इसी तरह से खालिदा जिया को भी अपनी कुर्सी एक दौर में गंवानी पड़ी थी। साल 2001 से 2006 तक खालिदा जिया बांग्लादेश की पीएम थीं, लेकिन 2006 में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद 2009 में शेख हसीना की सरकार बनी। 2018 में शेख हसीना की सरकार के समय खालिदा जिया को 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई। अब उन्हें रिहा करने के आदेश हुए हैं।**

5 अगस्त 2024 की तारीख बांग्लादेश के इतिहास में दर्ज हो गई है। दरअसल, इसी दिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना की सरकार का वहां की सेना ने तख्तापलट कर दिया। शेख हसीना के लिए दिक्कतें इतनी ज्यादा बढ़ गईं कि उन्हें देश छोड़कर भागना पड़ा। शेख हसीना के देश छोड़ते ही बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने आदेश दिया कि 17 साल से जेल में बंद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को तुरंत रिहा किया जाए। बांग्लादेश में खालिदा जिया और शेख हसीना दो ऐसी महिलाएं हैं जो बारी-बारी से सरकार में रही हैं। अभी जिस तरह से शेख हसीना की सत्ता गई, कुछ इसी तरह से खालिदा जिया को भी अपनी कुर्सी एक दौर में गंवानी पड़ी थी। साल 2001 से 2006 तक खालिदा जिया बांग्लादेश की पीएम थीं, लेकिन 2006 में देश की स्थिति बिगड़ गई और राजनीतिक हिंसा चरम पर पहुंच गई। स्थिति यह हो गई कि देश पर सेना का कंट्रोल हो गया। इस दौरान खालिदा जिया और उनके दो बेटों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। बाद में जब 2009 में शेख हसीना की सरकार बनी तो उन्होंने फैसला कर लिया कि अब खालिदा जिया को वापिस सत्ता में नहीं आने देना है। इसके बाद आता है साल 2018, खालिदा जिया पर आरोप लगे कि उन्होंने अपने पति के नाम पर बने एक अनाथालय में धन का गबन किया है और फिर साल 2018 में ही भ्रष्टाचार के दो आरोपों में खालिदा जिया को 17 साल की सजा सुनाई गई। अब और पीछे चलते हैं। साल था 1996 का। खालिदा जिया बांग्लादेश की पीएम थीं। लेकिन कुछ ही महीनों बाद एक आंदोलन की वजह से उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। दरअसल, 15 फरवरी को 1996 में जब बांग्लादेश में चुनाव हुए तो शेख हसीना की पार्टी और विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि खालिदा जिया ने चुनाव में धांधली की है। विपक्ष ने इस चुनाव का बायकॉट किया और खालिदा जिया को उनके पद से हटाने के लिए देशभर में असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया। यह आंदोलन इतना उग्र हुआ कि खालिदा जिया को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। आपको बता दें, 1996 के इस चुनाव में खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी को 300 में से 278 सीटें मिली थीं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया की रिहाई की खबर सामने आने के बाद अटकलें लगाई जा रही है कि उन्हें देश का अगला प्रधानमंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि,इस बात की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बता दें की बीएनपी का झुकाव कट्टरपंथी विचारधारा की ओर रहा है। शेख हसीन की कट्टर विरोधी माने जाने वाली 78 वर्षीय खालिदा जिया वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष हैं। उनके पति 1977 से 1981 तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति रहे और उन्होंने 1978 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की स्थापना की। खालिदा जिया की राजनीतिक करियर की शुरुआत तब हुई जब उनके पति जियाउर रहमान की हत्या कर दी गई थी। 30 मई 1981 को तत्कालीन राष्ट्रपति जियाउर रहमान की हत्या कर दी गई थी। उनकी मृत्यु के बाद खालिदा जिया, 2 जनवरी 1982 को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) में शामिल हो गईं। खालिदा जिया साल 1996 में बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं थीं। हालांकि, यह सरकार महज 12 दिनों तक ही चल सकी। अवामी लीग सहित प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव को अनुचित बताया। इसके बाद कार्यवाहक सरकार स्थापित की गई और फिर आम चुनाव कराया गया। दोबारा कराए गए चुनाव में अवामी लीग विजयी हुई और पहली बार शेख हसीना प्रधानमंत्री बनीं। साल 2001 में हुए आम चुनाव में खालिदा जिया की पार्टी ने चार दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और वो दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने में सफल रहीं। साल 2006 में खालिदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के एक साल उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में जेल भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ दायर सभी मामले को राजनीति से प्रेरित करार दिया।

# पाक परस्त जमात की चाल में फंसे बांग्लादेशी नौजवान

**बांग्लादेश से मिल रहे ताजा समाचार विचलित करने वाले हैं। आंदोलन के नाम पर दंगाई हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। सड़कों पर लोगों को लटकाया जा रहा है। पाकिस्तान परस्त जमात ए इस्लामी के कट्टरपंथियों ने छात्र आंदोलन पर कब्जा कर लिया है। चारों तरफ आग फैलान के इरादे से जमाती फैल गए। असली स्टूडेंट यूनियन को इसका एहसास हो चुका था, लेकिन देर हो चुकी थी। बंगबंधु की आदमकद प्रतिमा को जिस तरह गिराया गया, वो बात सबसे ज्यादा चुभती है।**



अल्लाह हू अकबर के नारे लग रहे हैं। खून से सना एक शख्स बेदम पड़ा है। कुछ लोग अपनी हथेली से उसका तकिया बनाते हैं, ताकि चेहरा ऊपर रहे। दूसरे नारे के बीच खून से सने उसके चेहरे पर जूते -चप्पल चला रहे हैं। यह मंगलवार सुबह का बांग्लादेश है। शेख हसीना की रवानगी के एक दिन बाद का बांग्लादेश। दूसरा दृश्य और डरावना है। एक फ्लाईओवर के दोनों ओर दो लोग लटक रहे हैं। पहले मारा फिर लटकाया या वहीं फांसी दी गई। यह कहना मुश्किल है। नीचे सड़कों पर शांति है। कुछ तमाशबीन दोनों लाशों की तरफ ताक रहे हैं। पांच अगस्त, 2024 की तस्वीर तो पहले से वायरल है। शेख हसीना के घर में घुसे दंगाई ब्रा, कपड़े और मछलियां लेकर आजादी का जश्न मना रहे हैं। कल्पना कीजिए अगर शेख हसीना हिंडन नहीं पहुंचतीं तो क्या होता? ढाका में जमात-ए-इस्लामी के चरमपंथी काबुल वाली तस्वीर दोहरा रहे होते। जब नजीबुल्लाह की हत्या कर तालिबानियों ने उन्हें लैंप पोस्ट से लटका दिया था।

अब हिंदुओं पर हमले की खबरें आ रही हैं। बिलखते लोग सोशल मीडिया पर मारे जाने का डर जता रहे हैं। मतलब भारत से मदद मांग रहे हैं। हमने सच्चे दोस्त के नाते शेख हसीना की हिफाजत की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद के जरिये बता दिया है कि हसीना फिलहाल भारत में रहेंगी, लेकिन बांग्लादेश में हस्तक्षेप करना अलग बात है। हमें तो पहले इस दंगाई मानसिकता को समझना होगा। बांग्लादेश की तुलना किससे करें? श्रीलंका से, जहां इसी तरह की तस्वीरें सामने आई थीं। राष्ट्रपति भवन में दंगाइयों का जश्न चल रहा था। नहीं, यह तुलना नहीं हो सकती। इसलिए कि श्रीलंका में खाने के लाले पड़े थे। पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया था। परचेजिंग पॉवर खत्म हो गई थी तब लोग सड़कों पर आ गए। लेकिन बांग्लादेश के साथ ऐसा नहीं है। शेख हसीना की नीतियों के चलते कोरोना काल में भी बांग्लादेश की जीडीपी सात प्रतिशत से ऊपर रही। भारत से भी ज्यादा। पिछले दस साल में लोगों की इनकम तीन गुना बढ़ी है। फिर क्या हुआ? क्या नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण के विरोध ने इतना विकराल स्वरूप हासिल कर लिया? मार्च में तय होता है कि 1971 की आजादी में शामिल परिवारों के बच्चों को 30 परसेंट रिजर्वेशन मिलेगा। शेख हसीना की इच्छा अपने पिता और बंगबंधु मुजीबुर्रहमान का सपना पूरा करने की थी। मुजीब आजादी के लिए लड़ने वालों को मुक्ति जोधा (योद्धा) कहते थे। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी में इस फैसले का विरोध शुरू होता है। धीरे-धीरे ये पूरे देश में फैलता है। जमाते इस्लामी इसे मौके के तौर पर देखता है। इस्लामी छात्र शिविर के लंपट हर जगह आंदोलन में घुस जाते हैं। देखते ही देखते बंगबंधु के हत्यारे गुट को हवा देने वाले पाकिस्तान परस्त जमातियों ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। यह उन्हीं जमातियों की तीसरी पीढ़ी के कट्टरपंथी हैं जिन्हें बेगम खालिदा जिया के पिता जियाउर्रहमान के चेले जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने पाकिस्तान से न्यौता देकर बुलाया था।

इसमें कोई शक नहीं कि शेख हसीना माहौल भांपने में भूल कर गईं। मुक्ति वाहिनी को समर्थन के बदले पाकिस्तान परस्त ब्रिगेड बनाने वालों गद्दारों को सूली पर चढ़ाने के बाद वे पहले से ही जमातियों के निशाने पर थीं। इसीलिए जब 21 जुलाई को बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने 30 परसेंट रिजर्वेशन को घटाकर पांच परसेंट कर दिया तब भी जमात ने आग को हवा देना जारी रखा। एक अगस्त को शेख हसीना ने जमात-ए-इस्लामी और इस्लामी छात्र शिविर को आतंकी संगठन घोषित करते हुए प्रतिबंध लगा दिया। फिर शांति के बदले चारों तरफ आग फैलान के इरादे से जमाती फैल गए। असली स्टूडेंट यूनियन को इसका एहसास हो चुका था, लेकिन देर हो चुकी थी।

बंगबंधु की आदमकद प्रतिमा को जिस तरह गिराया गया, वो सबसे ज्यादा चुभती है। सद्दाम हुसैन की मूर्ति के साथ ऐसा ही देखने को मिला था। सद्दाम के साथ तानाशाह का अंत हुआ। समझ में आता है, लेकिन शेख मुजीब तो बांग्लादेश की आजादी के प्रतीक रहे हैं। तो क्या आइडिया ऑफ इंडिपेंडेंस खतरे में है? मन में भांति-भांति के खयाल आते हैं। क्या बांग्लादेश 1971 की तुलना में बदल गया है? क्या भारत से सांस्कृतिक साम्य के बदले जमात की विचारधारा ने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। अब कल्पना कीजिए 2001-06 के बीच जमात के साथ चलने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की खालिदा जिया ने क्या किया? आतंकवादी संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) ने पूरे भारत में नेटवर्क फैलाना शुरू किया। मुस्लिम ब्रदरहुड, हमास, अल-कायदा के साथ मिलकर पूरी दुनिया को एक खलीफा के मातहत लाने का नारा देने वाली जेएमबी ने सीमा पर टेरर कैंप लगाना शुरू कर दिया था। 2014 में बर्धमान बम ब्लास्ट से इसकी साजिश का पदार्फाश हुआ। पिछले ही साल बोधगया में सीरियल बम धमाके इसी ने किए। तब 2019 में हमारी सरकार ने इसे आतंकी संगठन घोषित कर दिया।

पड़ोसी मुल्क के नौजवान अगर सीरिया जैसी तकदीर चाहने लगें तो डरना लाजिमी है। इसके पीछे क्या सिर्फ जमात अकेले है या अमेरिका, पाकिस्तान या चीन का हाथ है कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन कुछ फैक्ट्स के जरिये आप अंदाजा लगा सकते हैं। ढाका में अमेरिकी राजदूत पीटर हास को हसीना की पार्टी आवामी लीग के एक नेता ने खूब खरी खोटी सुनाई थी। पीटर हास पर खालिदा जिया का समर्थन करने के आरोप लगे। फिर छात्र आंदोलन शुरू होते ही पीटर हास बेहद गुप्त तरीके से ढाका से निकल जाते हैं। लिंक्डइन प्रोफाइल पर बताते हैं कि उन्होंने बांग्लादेश छोड़ दिया है। वो इस तरह नहीं लौटना चाहते थे लेकिन ऐसा करना पड़ा। अमेरिका मिलिट्री बेस बनाने के लिए लगातार शेख हसीना पर दबाव बना रहा था, यह भी सही है। अमेरिका ने सहायक विदेश मंत्री डॉनल्ड लू को बांग्लादेश चुनाव से पहले और बाद में ढाका भेजा। ये वही डिप्लोमैट हैं जिन पर इमरान खान गंभीर आरोप लगा चुके हैं। अमेरिका ने साफ तौर पर चुनाव की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे और अब तख्तापलट के बाद अमेरिका ने बांग्लादेशी आर्मी की तारीफ की है। आप इशारा समझ सकते हैं।

अब बांग्लादेश की नई सरकार हसीना की तरह भारत के साथ दोस्ताना रिश्ता जारी रखती है या रुख बदलता है, देखना होगा। लेकिन हमारी चुनौती बढ़ गई है। पाकिस्तान और चीन के साथ सीमा पर हालात गर्म हैं। मालदीव के मोइज्जू भी उलटचाल चलने लगे थे लेकिन अब रास्ते पर हैं। हमने उकसावे के बावजूद मालदीव के सही सलाह देना जारी रखा। श्रीलंका को इकॉनमिक सपोर्ट देकर संकट से निकलने में मदद की। दलदल में फंसे नए पड़ोसी के लिए हमें नया एप्रोच रखना चाहिए। हसीना की गलतियों को दूर करना वहां की नई सरकार का काम है।

# दक्षिण एशिया में बढ़ती चीनी भूमिका, भारत और पश्चिम को मिलकर निपटना होगा

इसी महीने 15 अगस्त को बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके बीस करीबी रिश्तेदारों की हत्या की 49वीं वर्षगांठ है। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश के उचायोग ने उस दिन राष्ट्रीय शोक दिवस मनाना तय किया था। लेकिन बाद में सूचित किया गया कि वह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। ढाका में अचानक हुए सियासी बदलाव को बताने के लिए इससे यादा मार्मिक और कुछ नहीं हो सकता।

हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश के संस्थापक मुजीब की बेटी शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाना, 1971 में मुक्ति युद्ध से जन्मे बांग्लादेश और पूरी दुनिया के लिए सबसे नया सियासी घटनाक्रम है। 53 वर्ष पहले मुजीब के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना के खिलाफ जो आंदोलन शुरू हुआ था, उसकी परिणति एक और सैन्य तख्तापलट के रूप में हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा उस सैन्य जनरल ने किया है, जो शेख हसीना का दूर का रिश्तेदार है, और जिस पर वह भरोसा करती थीं। 15 वर्षों तक सैन्य शासन के बाद, जिसे शेख हसीना ने आर्थिक प्रगति और राजनीतिक स्थिरता से रोका था, बांग्लादेश अब फिर सेना के अधीन है।

पिछले सैन्य तख्तापलट की तरह सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने अंतरिम सरकार का वादा किया है, लेकिन इस बात का जिक्र नहीं किया है कि इसमें उनकी या सेना की कोई भूमिका होगी या नहीं। मगर इसमें जरा भी संदेह नहीं होना चाहिए कि फैसले कौन लेगा। उन्होंने न्याय का भी वादा किया है। सबसे पहले रिहा होने वालों में शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेगम खालिदा जिया भी हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी ठहराया गया है। पिछली सदी के अंत में खालिदा जिया और उनके इस्लामी सहयोगी पश्चिमी लोकतंत्रों के लिए भी चिंता का कारण बन गए थे, जब बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। ये ताकतें भारत विरोधी हैं। बांग्लादेश में जो हुआ है, वह भारत केलिए चिंता का विषय होना चाहिए। क्या बांग्लादेश फिर से आतंकवादियों का प्रमुख केंद्र बन जाएगा शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर रायों को सुरक्षित बनाने में भारी योगदान दिया।

बांग्लादेश की धरती से संचालित होने वाले आतंकी शिविरों को उखाड़ फेंका गया। भारत को अब फिर से बांग्लादेश द्वारा कबायली चरमपंथ को बढ़ावा दिए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। अब नगा, उल्फा एवं अन्य चरमपंथी गुटों के साथ केंद्र सरकार के शांति समझौते खतरे में पड़ सकते हैं। इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि ढाका के उथल-पुथल में खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अलावा सामाजिक रूप से ताकतवर इस्लामी संगठनों के साथ पाकिस्तान-समर्थक जमात-ए-इस्लामी की संलिप्तता है, जिसे हसीना प्रतिबंधित करना चाहती थीं, लेकिन नहीं कर पाईं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईने कबायली आबादी के अलावा बढ़ते व्यवसायी वर्ग एवं मदरसों के माध्यम से इस उथल-पुथल को हवा दी। पाकिस्तान में मुजीब युग के अंत पर खुशियां मनाई जा रही हैं। भारत पर अपने पूर्व और पूर्वोत्तर सीमा पर निगरानी बढ़ाने का दबाव कई गुना बढ़ गया है।

भारत को कूटनीतिक विवादों को जन्म दिए बिना हसीना शासन के दौरान दी गई सभी आर्थिक मदद, व्यापार रियायतों और परियोजनाओं को संशोधित करना होगा। पाकिस्तान की तरह चीन भी ढाका में हुए बदलाव पर खुश है। बीजिंग इस बात से नाराज था कि हसीना ने भारत से ऐसी परियोजनाएं हासिल कीं, जिन्हें वह दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव फैलाने के लिए चाहता है। रिपोर्ट बताती हैं कि हसीना को चीनी नेतृत्व ने तवजो नहीं दिया था। आर्थिक रिश्तों और सीमा प्रबंधन के अलावा, जो किसी भी दो पड़ोसी देशों के लिए यादा मायने रखता है, भारत को गंगा जल संधि पर कूटनीतिक विवाद के लिए तैयार रहना होगा, जिसका नवीनीकरण होना है। अतीत में खालिदा जिया सरकार ने 1990 के दशक में इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र महासभा में उठाया था। एक अन्य विवादास्पद मुद्दा तीस्ता जल बंटवारे और उसके बेसिन के विकास का है, जो उत्तर बंगाल में 23 किलोमीटर लंबे संकरे चिकेन नेक के पास है।

भारत ने हसीना सरकार को आश्वस्त किया था कि वह चीन को इससे दूर रखेगा, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस समझौते का विरोध किया। ढाका की नई सरकार अब चीन को इसमें शामिल कर सकती है, जो धन और प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए तैयार है। इससे भारत के क्षेत्रीय और नदी संबंधी हित खतरे में पड़ सकते हैं। इस्लामी और कबायली चरमपंथियों के अलावा, भारत को बांग्लादेश के हिंदू एवं बौद्ध अल्पसंख्यकों के लिए भी चिंता करनी होगी, जिनके ऊपर वहां अक्सर हमले होते रहते हैं। बांग्लादेश अब भारत को रेडिमेड गारमेंट्स जैसे क्षेत्रों में विरोधी के रूप में देखेगा, जहां दोनों विश्व बाजार में एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी हैं। बांग्लादेश के साथ भारत 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जो किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सबसे लंबी सीमा है। इन सीमा रेखाओं से पशुओं, मनुष्यों और नशीले पदार्थ की तस्करी रिश्तों को खराब कर सकती हैं, जिसे अब तक दोनों पक्षों ने कम महत्व दिया था। बांग्लादेश अब गरीब नहीं, बल्कि अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक स्थिति वाला मुल्क है और अब वह भारत के लिए चुनौती पेश कर सकता है। विश्व समुदाय छोटे से बांग्लादेश के साथ सहानुभूति रख सकता है। कूटनीतिक, आर्थिक और यहां तक कि लोगों के बीच आपसी संबंधों का एक नया युग शुरू होने वाला है।

हसीना के नेतृत्व में भारत ने 'पड़ोसी पहले' की अपनी नीति के तहत बांग्लादेश को दोस्ताना पड़ोसी बताया था। कूटनीतिक व सुरक्षा कारणों से भारत न तो अपने छोटे पड़ोसियों से लड़ सकता है और न ही उनकी अनदेखी कर सकता है। बांग्लादेश उन दक्षिण एशियाई देशों में शामिल हो गया है, जो लगातार सत्ता परिवर्तन से गुजरते हैं, जैसे नेपाल, अशांत श्रीलंका और मालदीव, जहां सत्ता में परिवर्तन को इस आधार पर देखा जाता है कि कौन भारत समर्थक है और कौन चीन समर्थक। बांग्लादेश तख्तापलट इस क्षेत्र की भू-राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारत की तरह पश्चिम को भी दक्षिण एशिया में बढ़ती चीनी भूमिका से निपटना होगा, क्योंकिचीन को 'रोकने' के लिएअमेरिका दक्षिण एशिया कोएक 'धुरी' बनाना चाहता है।

# भुला दी गई नदियां मचा रहीं तबाही..

वायनाड-नीलगिरी पर्वतमाला के ऊंचे पहाड़ों से होकर कभी एक नदी बहती थी। तेज गति वाली नदी गर्मी में उदास रहती थी, लेकिन बरसात के छह महीने तेज वेग में नीचे जाकर पश्चिमी घाट की नदियों में मिल जाती। सन 1876 में इंग्लिश और स्कॉटिश कॉपरेटिव सोसायटी ने यहां के पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा क्यारियां बनाकर असम और चीन की चाय की संकर नस्ल की खेती शुरू की। वहां कई छोटी-छोटी जल सरिताएं थीं। अंग्रेज बागान मालिक ने उन सरिताओं पर मिट्टी डलवा दी और उस पर मजदूरों के लिए बस्ती बसा दी। वायनाड में आई भयावह तबाही में सबसे ज्यादा नुकसान वेल्लारीमाला पर्वतमाला के नीचे मुंदक्कई और चूरलमाला में हुआ है। असल में इन दोनों जगहों पर घर और इमारतें भुला दी गई नदी के ऊपर बने हुए थे। वेल्लारमाला स्कूल की विशाल इमारत भी उस नदी के बहाव मार्ग पर बनी थी, जो कुछ साल पहले अपना रास्ता तो बदल चुकी थी, लेकिन शायद उसे भूली नहीं थी। विदित हो कि वेल्लारीमाला पर्वतमाला कोझिकोड जिले में थिरुवंबाडी पंचायत से वायनाड जिले में मेप्पाडी पंचायत तक फैली हुई है। वायनाड के ऊंचे पहाड़ से नीचे उतरकर जब मलप्पुरम जिले की तरफ आते हैं, तो शायद दुनिया का एकमात्र सागवान की लकड़ी का संग्रहालय नीलांबुर में मिलता है। इस छोटे से कस्बे की सुंदरता और जैव विविधता जिस चलियार नदी के कारण है, वह इन्सानों की लाशों से पट गई। यह नदी वायनाड जिले में इलमपिलेरी पहाड़ियों से निकलती है। वायनाड से लगभग 90 किलोमीटर दूर इन्सानों के शव के टुकड़े मिलना बताते हैं कि वायनाड भूस्खलन से हुई तबाही में सबसे बड़ी भूमिका उन नदियों की है, जिनको गैर-जरूरी मानकर कभी इन्सान ने समाप्त करने का प्रयास किया था। विकास के नक्शे बनाने वाले यह भूल गए कि सभी नदियां जीवित जीव की तरह होती हैं और उनकी याददाश्त 200 साल की होती है। इस तबाही के मूल में वेल्लारीमाला पर्वतमाला का भूस्खलन है और इसके लिए जलवायु परिवर्तन के साथ मानवीय दखल जिम्मेदार है, लेकिन मलबे के तेजी से बहने के पीछे लुप्त नदी का अचानक जीवंत होना भी बड़ा कारण है। वर्ष 2020 में केरल में घटित जलवायु परिवर्तन, खासकर तापमान में वृद्धि की घटनाओं को समूचे तंत्र ने नजरअंदाज किया। उस वर्ष?केरल में भयंकर जल प्लावन के बाद जैव विविधता के लिए जगजाहिर वायनाड में अचानक?केंचुए और कई प्रकृति प्रेमी कीट गायब हो गए थे। कई शोध बताते हैं कि तापमान में बढ़ोतरी से पश्चिमी घाट के आसपास के इलाकों में अचानक भारी बरसात होगी ही और जब ऐसे में प्रकृति पर मानवीय दखल बढ़ा, जंगल कम होने से मिट्टी की पकड़ ढीली हुई, तो भारत के इतिहास के सर्वाधिक भयावह भूस्खलन में से एक वायनाड में घटित हो गया। वेल्लारीमाला पर्वतमाला घने जंगल और छोटी-बड़ी जलनिधियों से संपन्न ऊंट की पीठ के आकार की पर्वतमाला है।

# एनसीसी ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा यूनिट का निरीक्षण

## एनसीसी कैडेटों से मिल कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए




**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, 11 म0 प्र0 बटालियन एन सी सी सागर यूनिट का निरीक्षण ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा दिनांक 06 अगस्त 2024 को किया गया । ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा यूनिट का निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं एनसीसी ट्रेनिंग से संबन्धित जानकारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनसीसी अधिकारियों, केयरटेकर को एनसीसी कैडेटों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सम्बोधित किया । ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा सर्विस सूटिंग एवं थलसेना शिविर जो कि ग्वालियर एवं रायपुर में भाग लेने वाले यूनिट के एनसीसी कैडेटों से मिल कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस प्रकार एनसीसी सी प्रमाण पत्र एव बी प्रमाण पत्र धारको के नियमानुसार भारतीय थल सेना, वायुसेना एवं जलसेना के अतिरिक्त भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सशस्त्र बलों के अतिरिक्त उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश में अतिरिक्त अंक का लाभ दिया जाता है जिसके सम्बन्ध में विस्त्रित जानकारी प्रदान की। यूनिट के निरीक्षण के दौरान ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने यूनिट की उपलब्धियों एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के दौरान कमान अधिकारी अरूण बल्हारा ने यूनिट की अगवाई की एवं सभी विषयों से अवगत कराया।

# जैन मिलन ने आयुष विभाग के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर किया आयोजित

## चिकित्सकों ने 250 से अधिक रोगियों को परामर्श और स्वस्थ जीवन जीने की सलाह दी



**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में मुनि श्री प्रयोग सागर जी महाराज मुनिश्री सुब्रत सागर जी महाराज के आशीर्वाद से भारतीय जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा के द्वारा जिला आयुष चिकित्साधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में नन्हे मंदिर जैन धर्मशाला में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जिसमें 250 से अधिक रोगियों को आयुष विभाग के चिकित्सक डॉ राजकुमार पटेल, डॉ अनुराग कुमार, डॉ प्रियंका जैन, डॉ प्रियंका तारण, डॉ दिनेश पटेल ने निशुल्क परीक्षण कर परामर्श और दवाएं दी। शिविर की शुरुआत भगवान महावीर प्रार्थना से की गई, चिकित्सकों के साथ जैन मिलन के अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेम कुमार सराफ, इंजीनियर आर के जैन, दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई,पदम चंद जैन, क्षेत्रीय मंत्री कविता जैन, दिलेश चौधरी, सुधीर जैन डवलू, ऋषभ जैन,अरुण जैन, मुकेश जैन, संजीव शाकाहारी, आनंद जैन, महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, सचिन्द्र जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर की शुरुआत की। चिकित्सकों और सभी जैन मिलन के पदाधिकारियों ने मुनि श्री प्रयोग सागर जी और मुनि श्री सुब्रत सागर जी का आशिर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिमेष सिंघई ऐवं आभार महेंद्र जैन सोमखेड़ा ने व्यक्त किया। डॉ राजकुमार पटेल ने मौसमी बीमारियों से बचने हेतु नियमित रूप से योग और आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी। इस चिकित्सा शिविर में नगर शाखा के सुबोध बजाज, जिनेन्द्र जैन, शैलेन्द्र मयूर, राकेश हरदुआ, आनंद जैन, शैलेन्द्र बजाज, राकेश हरदुआ, जवाहर जैन, राजेश ओशो,सबन सिल्वर,संजय सराफ, विकल्प जैन, अशोक जैन, जिनेन्द्र उस्ताज ,जिनेंद्र जै मंडला,अखलेश पंडितजी, सुनील वेजिटेरियन,डा एल सी जैन, ज्ञानेंद्र इटोरिया, आयुष कर्मचारी नूतन स्वामी,सौरभ सिंह,अनरत सिंह, चित्रेश गर्ग के साथ महिला जैन मिलन टंडन बगीचा, महिला जैन मिलन कांच मंदिर, महिला जैन मिलन नसिया मंदिर, जैन मिलन वरिष्ठ शाखा सहित नरेन्द्र जैन शक्ति अध्यक्ष आचार्य विद्यासागर गौशाला, त्यागी बृति भोजनशाला कमेटी, नवीन निराला अध्यक्ष श्री नन्हे मंदिर प्रबंध कारणी समिति का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने 02 अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही



**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 02 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक मनीष यादव पिता बाबूलाल यादव निवासी वार्ड नं-12 पथरिया थाना पथरिया, भानू खटीक पिता स्व. किशनलाल खटीक निवासी वार्ड क्रमांक-13 पथरिया थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदकगण आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# साहेब भूरा ने किया है मेरी भूमि में कब्जा

## पीड़िता ने की कलेक्टर से शिकायत



**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।**

बरगवां, आज कल करोड़पतियों को भी जमीन, जायदाद, रुपयों पैसो की भूख इतनी ज्यादा बढ़ गयी है कि अब गरीब आदिवासियो के हक़ में डाका डालने से बिलकुल गुरेज नहीं कर रहे है, मामला जिले कि सीमा बरगवां पंचायत अंतर्गत का है जहा स्थानीय स्तर के भाजपा नेता ही अपनी पार्टी के दामन में कालिख लगाने का कार्य कर रहें हैं, एक आदिवासी महिला ने भाजपा नेता पर जमीन कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है।गौरतलब हो कि मंगलवार कलेक्टर अनूपपुर को दिए गए अपने शिकायत पत्र में बरगवां (अमलाई) निवासी आदिवासी महिला जयमंती बैगा पति स्व. चिंता बैगा ने स्थानीय भाजपा नेता रावेंद्र गुप्ता उर्फ भूरा पर बरगवां के खसरा नंबर 610/2/1/2 पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है, आदिवासी महिला ने आरोप लगाया की रावेंद्र गुप्ता उर्फ भूरा ने उसकी गरीबी और अनपढ़ होने का लाभ उठाते हुए उक्त भूमि पर छल पूर्वक कब्जा कर गोदाम का निर्माण करवा लिया गया है, निर्माण के बाद गरीब आदिवासी महिला द्वारा भूरा से उक्त भूमि से गोदाम हटाने का आग्रह किया गया तब भूरा के द्वारा अपनी पहुंच का हवाला देते हुए महिला से दुर्व्यवहार किया गया, शिकायत में आदिवासी महिला ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

# कलेक्टर ने की जनता से अपील बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग, सेल्फी, पिकनिक व अन्य कार्यो से बचें

## जनमानस बाढ़ - ग्रस्त क्षेत्रों से रहें परिचित : कलेक्टर तरुण भटनागर



**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।** शहडोल, कलेक्टर तरूण भटनागर ने अतिवर्षा एवं बाढ की आपदा से बचने के लिए जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें तथा गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूंए। बारिश में साफ़ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें तथा इन स्थलों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि बरसात के समय बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए रेडियो सुनना, टेलीविजन देखना, सजग रहें कि आकस्मिक बाढ़ भी आ सकती है। किसान मौसम ऐप का प्रयोग कर मौसम की भविष्यवाणी को जानें। आकस्मिक बाढ़ आने की कोई संभावना हो तो किसी ऊंचे स्थान पर तुरंत चले जाएं, नदियों, नहरों, नालों, घाटियों तथा अचानक बाढ़-ग्रस्त होने वाले अन्य क्षेत्रों से परिचित रहे। इन क्षेत्रों में बारिश के बादल या भारी बारिष जैसी किसी विशिष्ट चेतावनी के साथ या उसके बिना आकस्मिक बाढ़ आ सकती है, अपने घर की नालियों में बाढ़ के पानी को घुसने से रोकने के लिए मोरी की जालियों (सीवर ट्रैप्स) में चेक वाल्व लगाए।

# जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने नगर में चल रहीं कोचिंग/लाइब्रेरियों का किया निरीक्षण

## 07 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने दिये निर्देश

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने नगर में चल रहीं कोचिंग/लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण करने पर संचालन में वैध अनापत्ति एवं पर्याप्त संसाधनों यथा फायर सेफ्टी, पार्किंग सुविधा, आपातकाल निकास द्वार, बिल्डिंग में पर्याप्त फेन, ए.सी., खिड़कियों का कम होना इत्यादी कमियां होने से भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना/अप्रिय घटना घटित होने पर भारी जान माल की हानि होने की संभावनाओं को देखते हुये नगरपालिका परिषद की मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु पुरोहित ने पवन पटेल द्वारा मां सरस्वती लाइब्रेरी, राहुल चौहान द्वारा मां शारदा कोचिंग क्लासेस, आशीष चतुर्वेदी द्वारा स्टडी प्वाइंट, महेंद्र ताम्रकार द्वारा माहेश्वरी लाइब्रेरी एवं अभिषेक मिश्रा द्वारा एमपीआईक्यू कोचिंग/ लाइब्रेरी संस्थान से संबंधित समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेज 07 दिवस के भीतर कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के लिये कहा है, अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रस्तुत की जायेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित कोचिंग/ लाइब्रेरी संचालकों की होगी। निरीक्षण निरीक्षण के दौरान एस.डी.एम. दमोह, अनुविभागी अधिकारी लोक निर्माण विभाग दमोह, प्राचार्य पीजी कॉलेज दमोह एवं तहसीलदार दमयंती नगर शामिल थे।

# बेजा हो रही वसूली कलेक्टर के नाम से बनाया फर्जी व्हाट्सअप




**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।** शहडोल, कलेक्टर शहडोल तरुण भटनागर के नाम से उक्त फर्जी वाट्सएप नंबर के माध्यम से पैसों की डिमांड की जा रही है। जिले के नागरिकों से अपील है कि यदि उक्त नंबर से कोई मैसेज आता है, तो सतर्क रहें। उनकी बातों में नही आये। अपने बैंक खाता एवं पहचान से संबंधित जानकारी साझा नही करें।

# असुरक्षित भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी न हो संचालित - कलेक्टर

## समयावधि पत्रों की कलेक्टर ने की समीक्षा



**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।** शहडोल, कलेक्टर तरूण भटनागर की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि 10 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत श्रावण मास में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक मुस्त राशि प्रदान किए जाने के अवसर पर आभार सह उपहार का कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन ऑडोटोरियम शहडोल में किया जा रहा है, आभार सह उपहार का कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि आभार सह उपहार के कार्यक्रम हेतु सौपे गए दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि आभार सह उपहार कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास,उद्योग, आजीविका, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाय तथा महिलाओ के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में डी एवं सी-ग्रेड में आने वाले विभागों को ग्रेडिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग,नगरीय निकाय, चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन व जन आकांक्षा पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण कराकर ग्रेंडिंग सुधार करें। कलेक्टर ने पीएम जनमन, मृदा परीक्षण के कार्यों की भी समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सीएमओ शहडोल को निर्देश दिए कि सरफा डैम में 15 अगस्त को वृक्षारोपण के कार्य किए जाएंगे तथा सरफा डैम के चारो ओर बाउंड्रीवॉल शीघ्र बनाया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, नरेंद्र सिंह धुर्वे, श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# देवीकुंड विद्यालय के छात्रों को एक-एक वृक्ष लगाने व उसका संरक्षण करने के लिए किया गया प्रेरित

## इस दौरान बेल, समी, नीम व आंवले के वृक्ष रोपित किये गये



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**

देवबंद । सहारनपुर, स्वामी ब्रह्मानंद गौ सेवा ट्रस्ट की वृक्षारोपण श्रृंखला में आज श्रीदेवीकुंड संस्कृत महाविद्यालय देवबंद में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान बेल, समी, नीम व आंवले के वृक्ष रोपित किये गये। जिसमें सभी देवीकुंड विद्यालय के छात्रों को एक-एक वृक्ष लगाने व उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर देवीकुंड संस्कृत महा विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉक्टर रजनी देवी द्वारा आंवले का वृक्ष व विद्यालय अध्यापक योगेश शर्मा द्वारा बेल व समी का वृक्ष रोपित कर सभी विद्यार्थियों को इसके लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष हिमांशु भारद्वाज ने छात्रों से एक-एक वृक्ष जरूर लगाए जाने का आह्वान किया। इस दौरान पंडित योगेश शर्मा, पंडित ओमेन्द्र वशिष्ठ, पंडित अमित कौशिक, प्रधानाध्यापक रजनी, अध्यापक योगेश शर्मा, जोनी पाठक, हिमांशु भारद्वाज और सभी छात्र मौजूद रहे।

# जागरूक रहें, सावधान रहें.. बाढ़ आपदा से बचने कराई जा रही मुनादी

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ ।** शहडोल, अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में में रखें विषेष ध्यान, अफवाहों पर ध्यान दे, शांत रहें घबराएं नही। जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्षन एवं निर्देषन में पुल, पुलियों, रपटो, तालाबों व अन्य जल भराव वाले स्थानों की सूचना मुनादी कर लोगों को दी जा रही है। साथ ही मुनादी के दौरान लोगों को बताया जा रहा है कि जल भराव वाले स्थानों पर जाने से बचे, घर के आस पास गहरे जल भराव वाले स्थानों जैसे गडढे, पुल, पुलियों, अंडरब्रिज, पोखर, तालाब नदी, आदि के बारे में जानकारी रखें और जल भराव की स्थिति में आवागमन न करें, बिजली के गिरे खंभो और तारों से दूर रहें। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत ओदरी, महदेवा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में मुनादी कर लोगों को बाढ़ आपदा से बचने की सलाह एवं जल भराव की स्थिति की सूचना दी गई।



## 09 अगस्त को बलियाखेडी ब्लॉक से घण्टाघर होते हुए जनमंच गॉंधी पार्क तक निकाली जाएगी शहीद स्मृति यात्रा

### शहीदों की स्मृति में जनमंच में आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी लगाई जाएगी प्रदर्शनी



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ।** सहारनपुर, जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर शताब्दी समारोह मनाए जाने के अवसर पर 09 अगस्त 2024 को जनपद में प्रातः 9 बजे से 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा बलियाखेडी ब्लॉक से घण्टाघर होते हुए जनमंच गॉंधी पार्क तक शहीद स्मृति यात्रा निकाली जाएगी।
डीएम मनीष बंसल ने बताया कि शहीद स्मृति यात्रा में सभी स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों की साइकिलों पर क्रांतिकारियों द्वारा दिये गये लोकप्रिय नारों की कार्ड बोर्ड की पट्टिकायें रहेंगी। सभी वॉलिन्टियर्स तिरंगा के रंगों की टी-शर्ट में रहेंगे। प्रातः 10 बजे से शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं तिरंगे रंग के 100 गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इसी के साथ पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन होगा। काकोरी के शहीदों की याद में जनपद में दिल्ली रोड पर शहीद स्मृति वाटिका तैयार की जाएगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं स्वतंत्रता आन्दोलन विशेष रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# वर्षों से कर रहे शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस

### बदहाल सडक़ से परेशान रहवासी पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।** शाजापुर, जिम्मेदारों की उपेक्षापूर्ण कार्यशैली के कारण वर्षों से मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासी एक बार फिर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और आवेदन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। मंगलवार को शाजापुर की गोकुलधाम कालोनी के दर्जनों रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और यहां शिकायती आवेदन सौंपकर बताया कि वार्ड क्रमांक 27 गोकुलधाम कॉलोनी में कच्ची सडक़ होने से बारिश के कारण आवागमन करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पसरी कीचड़ और जगह-जगह गड्ढों में जमा बारिश का पानी परेशानी परोस रहा है। रहवासियों ने बताया कि उन्होने मामले में वार्ड पार्षद के साथ ही नगरपालिका में दर्जनों बार शिकायत कर दी है, किंतु कोई सुनवाई नही की जा रही है। रहवासियों ने मांग की है कि वार्ड के कच्चे रास्ते पर मुरम डलवाई जाए और बाद में पक्की सडक़ी का निर्माण कराया जाए।




वर्षों से कर रहे शिकायत
कलेक्टर कार्यालय शिकायत करने पहुंचे गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासियों ने वह बीते कई सालों से पक्की सडक़ के निर्माण की मांग कर रहे हैं। सर्दी और गर्मी में तो कच्ची सडक़ की वजह से इतनी परेशानी नही होती, लेकिन बारिश के दिनों में हर दिन घर से बाहर जाना और घर तक पहुंचना मुसीबतभरा साबित हो रहा है। कीचड़ अधिक होने से स्कूली बच्चों को घर तक स्कूल वाहन लेने नही आ रहा है। जल संकट से बचने के लिए टैंकर से पानी कॉलोनी में मंगाया जाता था, परंतु कीचड़ होने से अब पानी का टैंकर भी कॉलोनी में प्रवेश नही कर पा रहा है जिसकी वजह से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि वह कई वर्षों से सडक़, पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद और नगरपालिका के जिम्मेदारों से गुहार लगा रहे हैं किंतु उनकी समस्या हल नही की जा रही है।

## दिव्यांगो को बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने जनपद में किया साम्रगी का वितरण

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों कि उपस्थिति में 27 लोगों को किए वितरण



**लकेश पंचेश्वर | सिटी चीफ** | लालबर्रा, जनपद पंचायत लालबर्रा में 6 अगस्त को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के हस्ते 27 दिव्यांगजनो को बैटरी चलित,ट्राई साइकिल,हैरिंग मशीन,सीपी चेयर, रोल रेटर,विल चेयर सहित विभिन्न प्रकार की उपकरणों का वितरण किया गया।दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण के पूर्व कार्यक्रम में पँहुची स्थानीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा स्वागत गया,इस मौके पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल,झामसिंह नागेश्वर सभापति जिला पंचायत,डुलेन्द्र ढाकरे सभापति जिला पंचायत,गुलेन्द्र भगत सभापति जनपद पंचायत, झंकार सिंह उइके जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अरुण गौतम जनपद सदस्य प्रतिनिधि,दीपक कावरे जनपद सदस्य, देवेंश विक्की गौतम जनपद पंचायत सदस्य व ज्ञानसिंह गोढगे अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा की दिव्यांग होने का मतलब यह नही है बच्चे जो चाहते है वो नही कर सकते,अब दिव्यांग बच्चे भी सहायक उपकरणो के माध्यम से आम लोगो की तरह जीवन यापन कर सकते है अगर पढ़ाई में अच्छे है तो दिव्यांग बच्चे भी बड़े होकर कलेक्टर,एसपी बन सकते है ऐसे कई दिव्यांगजन है जो देश में बड़े से बड़े अधिकारी बनकर काम कर रहें है सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की है जो उन्हें पता नही चलती अधिकारीयों द्वारा ऐसा प्रयास किया जाये की हर दिव्यांगजन और उनके परिजनों को योजना का लाभ मिल सके इसके लिए मेरी जब भी आवश्कता पड़ेगी तो मैं हमेशा आप लोगो के साथ खड़ी रहूंगी। इस मौके पर खिलेन्द्र सोनवंशी खंड पंचायत अधिकारी,वाय के गौतम वरिष्ठ लेखापाल,श्री बाकड़ें जी, श्री उइके जी पंचायत समन्वयक अधिकारी सहित अन्य और भी कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# श्रावण मास में निलेश लिल्हारे पदयात्रा होते हुए जाम सांवली के लिए हुए रवाना

### बजरंग दल पदाधिकारियों द्वारा किया गया पुष्पहार पहनाकर स्वागत

**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ ।** लालबर्रा, नगर मुख्यालय में समनापुर निवासी व ग्राम संयोजक बजरंगी निलेश लिल्हारे का आत्मीय स्वागत पुष्पहार पहनाकर पुष्प वर्षा करके एवं तिलकवंदन करके किया गया, जानकारी देते हुए बजरंग दल जिला संयोजक निलेश चौधरी ने बताया कि इन दिनों भक्ति एवं आस्था के पवित्र मास श्रावण मास के शुभ अवसर पर अनेकों कांवड़ यात्राएं एवं पदयात्राएं संचालित हो रही है इसी तारतम्य में निलेश लिल्हारे द्वारा अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं विश्वास के साथ देव स्थान जाम सांवली छिंदवाड़ा के लिए प्रातः प्रस्थान हो चुका है जिनका आज आत्मीय स्वागत किया गया तथा मंगलमय यात्रा हेतु श्री अमरनाथ भोजनालय तक



जाकर विदा किया गया तथा सफल यात्रा कि कामना कि गई है। वहीं इस यात्रा कार्यक्रम में बजरंग दल जिला संयोजक सुरेन्द्र नगपुरे,जिला सहसंयोजक निलेश चौधरी, जिला धर्म प्रसार प्रमुख छत्रपाल पारधी,जिला सेवा प्रमुख प्रकाश राहंगडाले,लालबर्रा प्रखंड संयोजक दिपक दिशु तिवारी, प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख कपिल टेम्भरे,प्रखंड सुरक्षा प्रमुख जितेश चौहान,प्रखंड मिलन प्रमुख प्रवीण पशीने,देवेश बिसेन,कपिल बघेल, थानसिंह राहंगडाले,रामकिशोर बंशपाल,दिपक पटले,हर्षल बघेल,रक्षित टेम्भरे,राज पटले, बलराम उपवंशी,मनीष लिल्हारे, राजेश लिल्हारे,मोहित लिल्हारे, कार्तिक दमाहे एवं अन्य बजरंगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत

### ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की



भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ । शाजापुर, चरनोई की भूमि पर हुए अतिक्रमण की ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। ग्राम बड़ोदिया इन्दौर के ग्रामीण मंगलवार को शाजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शिकायती आवेदन देकर बताया कि गांव में स्थित शासकीय चरनोई एवं शासकीय गौआ की भूमि पर कई लोगों ने अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है, जिसके कारण मवेशियों को चराने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## गरीब की झोपड़ी पर चला बुलडोजर



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ।** शाजापुर, रुपये नही देने पर सरपंच के द्वारा पटवारी के साथ मिलकर पट्टे की भूमि पर बनी झोपड़ी को बुलडोजर चलाकर जमींदोज करने का आरोप लगाते हुए दंपत्ति ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायती की है। मंगलवार को ग्राम बेरछी निवासी नरबदाबाई पति प्रहलाद शाजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंची और शिकायती आवेदन देकर बताया कि उसे वर्ष 1994-95 में ग्राम पंचायत देंदला के द्वारा शासकीय भूमि पर पट्टा दिया गया था जिस पर वह झोपड़ी बनाकर निवास कर रही थी। नरबदाबाई का आरोप है कि उससे ग्राम पंचायत के सरपंच ने दस हजार रुपये की मांग की थी, रुपया नही देने पर सरपंच ने पटवारी के साथ मिलकर झोपड़ी पर बुलडोजर चला दिया। झोपड़ी टूटने से वह बारिश के मौसम में खुले में रहने को मजबूर है। आवेदन में महिला ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# भाजपा 11 से तीन दिन हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी

**जिले के 1376 बूथों में चलेगा अभियान , तैयारी बैठक कल**
**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।** सतना, भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होगा और तीन दिन चलेगा। भाजपा 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस मनाएंगी। हर घर तिरंगा अभियान की जिला स्तरीय तैयारी बैठक 8 को आयोजित की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पूरे जिले में हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान जिले के सभी 1376 बूथों में मनाया जाएगा। हर घर हर व्यक्ति को तिरंगा उपलब्ध हो इसके लिए भी व्यवस्था की जाएगी। हर बूथ और मंडल पर तिरंगा बीजेपी के कार्यकर्ता पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगा



यात्रा के साथ युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि और विभाजन विभीषिका के कार्यक्रम होंगे। युवा मोर्चा 11,12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकलेगा और 12,13,14 अगस्त को युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे।

**14 को विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाएगी पार्टी**

भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि 14 अगस्त को युवाओं को विभाजन की विभाषिका को याद दिलाने के लिए प्रदर्शनी और जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसमे सेल्फी विथ तिरंगा कार्यक्रम भी सोशल मीडिया पर चलाया जायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि अभियान के लिए मंडल की अभियान समितियों का गठन किया जाएगा। पभाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 8 अगस्त को जिला स्तर पर अभियान की तैयारी को लेकर बैठक होगी, जबकि मंडलों की बैठक 9 और 10 अगस्त को होगी। श्री शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस मनाया जाएगा। नव जवानों को यह बताया जाएगा कि 14 अगस्त को क्या हुआ था। प्रदर्शनी लगेगी और गोष्ठी होगी, जहां विभाजन के बारे में बताया जाएगा।

## महाविद्यालय में एनएसएस पंजीयन की हुई शुरुआत



**भगवान दास बैरागी | सिटी चीफ |** शाजापुर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में एनएसएस पंजीयन काउंटर का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी दुष्यंतकुमार यादव ने बताया कि महाविद्यालय में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन परिक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित है, जिसमें प्रवेश पंजीयन की प्रक्रिया दिनांक 05 से 14 अगस्त 2024 तक की जाएगी। एनएसएस पंजीयन काउंटर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेशित नवीन विद्यार्थियों को एनएसएस की जानकारी प्रदान करना तथा शिक्षा के साथ समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है। विद्यार्थियों की सहायता हेतु एनएसएस पंजीयन काउंटर प्रभारी हर्षिता पाटीदार तथा इकाई दलनायक रवि कुमार को नियुक्त किया गया है जो अपनी एनएसएस टीम के साथ मिलकर नवीन विद्यार्थियों का एनएसएस में पंजीयन करेंगे। पंजीयन काउंटर के शुभारंभ पर रीना, शिवम परिहार, अंकित कुंभकार, प्रेरणा कुशवाह, भवानीसिंह, रोहित कराड़ा सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बम्हनी सरपंच ने दो दर्जन ग्रामीणों के साथ बरसात के पानी निकासी के संबंध में जिलाधीस महोदय से कि शिकायत

### बम्हनी सरपंच के साथ जनपद सदस्य प्रतिनिधि, स्थाई पटेल सहित दो दर्जन महिला व पुरुष मौजूद रहे हैं

**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ ।** लालबर्रा, जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बम्हनी में सरपंच बासुंत राव ढबाले ने बरसात कि पानी निकासी के संबंध में दो दर्जन ग्रामीणों के साथ कलेक्टर महोदय से 6 अगस्त दिन मंगलवार को लिखित शिकायत कि है जिसमें उनके साथ मनीराम भोयर जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बसंत शर्मा स्थाई पटेल, विष्णु कुकड़ें उपसरपंच,अशोक गाडेश्वर ग्रामीण अध्यक्ष, ललित लानगे ग्रामीण सचिव सहित दो दर्जन महिला व पुरुष मौजूद रहे हैं। वहीं शिकायत पत्र में लेख है कि, ग्राम के वार्ड नंबर 11 एवं 12 में सीसी सड़क के साथ दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण सत्र 2017-18 में तत्कालीन सरपंच श्रीमती वासुका बाई के द्वारा मनीराम कड़ोकर के घर से धरमाजी तुमसरे के घर तक किया गया है इस नाली से पानी की निकासी शासकीय भूमि से होता हुआ वर्तमान भू स्वामी लक्ष्मण तुमसरे के भूमि से होता है इस स्थान से पानी की निकासी पूर्व भूमि विक्रेता श्री बसंत कुमार शर्मा के पिता के समय से हो रही थी यह भूमि बाद में आवास में परिवर्तित की गई जिसे आड़कू पिता गोकल को पूर्व सरपंच श्रीनिवास वायकर द्वारा दी गई, तब से लेकर पानी की निकासी अनवरत रूप होती गई परंतु लक्ष्मण तुमसरे के पिताजी से लेकर वर्तमान समय में पानी की निकासी को इनके द्वारा नहीं रोका गया और पूर्व सरपंच को नाली निकासी के निर्माण में सहयोग किया गया जिसके साक्ष्य पंच बसंत सोनबिरसे एवं मिस्त्री का कार्य करने वाले दीनदयाल मारवाड़े हैं क्योंकि इस पानी की निकासी नाली के सामने कुछ



शासकीय जमीन खाली होने से उसे अपने कब्जे में लेने के लिए लक्ष्मण एवं उसके भाई चिंतामन तुमसरे के द्वारा शासकीय जमीन के पीछे अपनी जमीन पर मवेशी बांधने का कमरा बनाया गया उस समय सरपंच एवं ग्राम वासियों के द्वारा उसे रोका गया परंतु पानी जाने के लिए रास्ता मेरे द्वारा छोड़ा गया है और बाद मैं पानी निकासी के लिए पाइप लगा दिया जाएगा कहकर निरंतर कार्य चालू रखा गया तथा अपने पड़ोसी युवराज अंगूरे को भी की वर्षो से जो पानी की निकासी होती है उसे मैं नहीं रोकता परंतु फरवरी माह में अचानक बारिश आने पर लक्ष्मण एवं उसके भाई चिंतामन तुमसरे के द्वारा मोहल्ले से निकलने वाले पानी को रोका गया इस संबंध में ग्राम वासियों एवं सरपंच ने समझाया परंतु वे नहीं माने तब ग्राम में 6 से 7 बार बैठकों का आयोजन कर भी समझाया गया और नाली के ऊपर सीमेंट के पाटन लगा देने की बात रखी गई फिर भी वह नहीं माने इस संबंध में थाना प्रभारी लालबर्रा, तहसीलदार महोदय लालबर्रा, जिलाधीश महोदय को भी ग्राम वासियों एवं सरपंच के द्वारा शिकायत की गई पर वह व्यक्ति नाली निकासी के स्थान पर ट्रैक्टर से मिट्टी लाकर डालता रहा और पानी की निकासी रोक दी गई जून माह की पहली बारिश होने पर दिमाकचंद मर्सकोले का मकान गिर गया जिससे उसे लगभग 80 से 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ उसके बाद सरपंच महोदय एवं ग्राम वासियों के द्वारा तहसीलदार महोदय एवं जिलाधीश महोदय को शिकायत की गई जिस संबंध में गांव के स्थाई पटेल सरपंच पंच एवं कुछ ग्राम वासियों के सामने तहसील के सभा हाल में दोनों भाइयों को तहसीलदार महोदय के द्वारा समझाया गया पर भी वे नहीं माने उसके बाद बारिश होने पर दुलीचंद तुमसरे एवं घनश्याम तुमसरे की सराव में घुटना भर पानी भर गया तथा गांव के किसी भी व्यक्ति का पानी नहीं जा रहा है कहकर अन्य और भी बातों का उल्लेख किया गया है और कार्यवाही कि मांग कि गई है।वहीं शिकायत पत्र विधायक महोदय बालाघाट, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार महोदय लालबर्रा व थाना प्रभारी लालबर्रा से कि गई है।

#### इनका कहना है

जब इस तरह कि शिकायत के संबंध में लक्ष्मण तुमसरे से उनका पक्ष रखने के लिए उनसे दूरभाष पर बात कि गई तो उन्होंने कहा कि मैंने बरसात के पानी के लिए कभी शिकायत नहीं किया हूं और ना कभी करूंगा,सरपंच का कर्तव्य होता है कि न्याय करना ना कि ग्रामीणों को एक आदमी के खिलाफ भड़काना,एक जिम्मेदार पद पर रहकर सरपंच ने कुछ ग्रामीणों को अपने विश्वास में लेकर मेरी झूठी शिकायत कर रहा है वह भी कार्यवाही के डर से, मुझ पर जो आरोप लगा रहे है,वह सभी आरोप गलत है मैंने केवल शौचालय का जो पानी मेरी निजी जमीन में आ रहा है उसकी दुर्गंध से परेशान होकर मेरे द्वारा शिकायत कि गई है और जिस जगह से शौच का पानी जा रहा है वह मेरी निजी जमीन है कोई अपनी निजी जमीन से शौचालय का पानी जाने देगा क्या तथा सरपंच ने मुझे गांव समाज से बंद भी कर दिया है जिस वजह हमसे कोई लेन देन नहीं कर रहे हैं ना ही चरवाहा हमारी भैंसी चरा रहा है,जब अधिकारी लोग आते हैं तब कहता है कि इसको समाज से बंद नहीं किए हैं कहकर बताते हैं इस तरह से भी सरपंच अधिकारियों को गुमराह कर रहा है। रही बात पानी निकासी कि तो सरपंच महोदय शासकीय जमीन पर नाली निर्माण कर पानी निकासी कर सकते है और विवाद को खत्म कर सकते है।
**लक्ष्मण तुमसरे शिकायकर्ता**
**ग्रामीण बम्हनी**

## श्री शिवाय कावड़ यात्रा के भक्तों ने किया बाबा महाकाल का अभिषेक



**भगवान दास बैरागी | सिटी चीफ |** शाजापुर, श्री शिवाय कावड़ यात्रा के संस्थापक जतिन सोनी ने बताया कि शाजापुर शहर से 4 अगस्त को निकली कावड़ में 250से 300 शिव भक्तों ने गंगा जल से आस्था रूपी कावड़ को अपने कंधे पर उठाकर शिव धाम के लिए के बाबा मंगलनाथ मंदिर से यात्रा प्रारंभ कर 70 किलोमीटर पदयात्रा कर बाबा महाकाल का जलाभिषेक कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना करेंगे इन सभी यात्रियों का नगर वासियों के अलग-अलग संघ और समूह द्वारा पुष्प वर्षा कर संस्थापक और उनके अन्य साथियों का स्वागत किया इस दौरान सुरक्षा के मध्य नजर रखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा यात्रा नगर के ए बी रोड होते हुए उज्जैन के लिए यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें शाजापुर से उज्जैन के बीच आसपास के गांव से भी कावड़ यात्री श्री शिवाय कावड़ यात्रा के तत्वाधान में शामिल हुए अगले दिन उज्जैन के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाबा महाकाल के मंदिर पहुंचे जहां गंगाजल से बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया एवं क्षेत्र वासियों की खुशहाली के लिए कामना की इस अवसर पर श्री शिवाय कावड़ यात्रा के विभिन्न पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए सैकड़ो कावड़ लिए शिव भक्त उपस्थित थे.

## दुष्कर्म के मामले में यज्ञवेदी निर्वाणी अखाड़ा महंत सत्यप्रकाश दास समेत 3 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिए आदेश

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ ।**

चित्रकूट, धमकी देकर विवाहिता महिला का शोषण करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महंत समेत 3 के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश के सतना जिले के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति चित्रकूट के महंत सत्यप्रकाश दास के साथ रहते थे। इसके चलते महंत के विरूद्ध पहाड़ी थाना में हत्या के प्रयास के एक मामले में उसके पति को भी सह अभियुक्त बनाया गया था। वर्ष 2016 में उसके पति महंत सत्यप्रकाश दास के साथ जेल मे थे। इसके चलते मुकदमें की पैरवी के लिए वह चित्रकूट आती थी और यज्ञवेदी निर्वाणी अखाडा में रूकती थी। जहां महंत के भाई जय प्रकाश ने उसे एक कमरा दिला दिया था। कमरा दिलाने के बद पति के जेल में रहने के कारण जय प्रकाश ने डरा धमकाकर उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाया। मना करने व विरोध करने पर पति को जेल में बंद रखने और जान से मरवाने की धमकी देता था। इस दौरान जय प्रकाश अपने



भाई महंत सत्यप्रकाश दास और अपने रिश्तेदार अरविन्द मिश्रा के साथ लगातार उसका शारीरिक शोषण करते रहे और इसकी जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहे। बीती 18 जून 2024 को तीनों आरोपियों ने यज्ञवेदी निर्वाणी अखाड़ा के कमरे से उसके पति को बाहर भेज दिया और रात में तीनों लोगों ने बिना उसकी इच्छा के जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान महंत ने कहा कि उनके मन मुताबिक काम न करने पर वह उसके पति व बच्चों को गायब करवा देंगे। इसके दूसरे दिन 19 जनू को उसने अपने पति को पूरी घटना की जानकारी दी और उनके साथ सीतापुर चैकी जाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, किन्तु कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी अपने साथ हुए शोषण की जानकारी दी, किन्तु कोई सुनवाई नहीं की गयी। साथ ही आरोपियों द्वारा धमकी दी गयी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी साधु वेश में पेशवर अपराधी और इसके विरूद्ध कई अपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। जिसके दबाव और प्रभाव के कारण कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने इस मामले में कोई सुनवाई न होने पर न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने पीड़िता द्वारा दिए गए धारा 156 (3) के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक को घटना के बावत उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही विधि अनुसार विवेचना कराने और आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

# कथा में हुआ रुकमणी विवाह समापन आज

**उज्जैन**

मीण में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के छटे दिन श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और रुकमणीजी का विवाह सम्पन्न हुआ ! सप्त दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन पण्डित श्रीमहेश पाण्डे के मुखारबिंद गुरुवार 1 अगस्त से प्रारम्भ हुआ और आज 7 अगस्त बुधवार को होगा ! कथा के दौरान पंडितजी ने बताया कि कथा में श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की सिचावनी



में आये 21 हजार रुपये प्राप्त हुए जिन्हें लेकोड़िया गौशाला में दान करने की बात कही ! साथ ही समस्त ग्राम वासियों के द्वारा 10 लाख रुपये खेड़ापति बालाजी मन्दिर निर्माण के निमित्त एकत्रित करने की बात भी कही !

## तहसील कार्यालयों का निरीक्षण एवं राजस्व महाभियान समीक्षा बैठक का आयोजन

**अलीराजपुर**

कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अलीराजपुर एवं कट्ठीवाडा श्री तपीस पांडे द्वारा कट्ठीवाडा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री पांडे द्वारा कट्ठीवाडा तहसील न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरणों एवं प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की ।राजस्व महाअभियान के प्रगति जानने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन ।साथ ही उनकी अध्यक्षता में कट्ठीवाडा तहसील के समस्त पटवारियों की राजस्व महाअभियान के दौरान की जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ ।



उन्होने हल्केवार राजस्व महाअभियान के दौरान किए जा रहे नामांतरण , बटांकन , नक्शा तरमीम आदि कार्यो की समीक्षा की ।इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी श्री पांडे ने अलीराजपुर तहसील के पटवारियों की भी समीक्षा बैठक ली । उन्होने जिन हल्कों में राजस्व महाभियान में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित पटवारियों को कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए एवं लक्ष्य प्राप्त न होने पर अनुशात्मक कार्यवाही की जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए । इस दौरान तहसीलदार श्री हर्षल बेहरानी , श्रीमती सविता राठी समेत राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई

**जर्जर भवनों की मैपिंग कर तत्काल ही डिसमेण्टल (तोड़ने ) की कार्यवाही पूर्ण करे - कलेक्टर**

**झाबुआ** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को दोपहर 4 बजे समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में लोक सेवा केन्द्रों पर शालाओं के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा की गयी, साथ ही कार्य में गति लाने हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में नामांकन एवं पाठ्य पुस्तकों के वितरण से सम्बन्धी जानकारी को जल्द से जल्द पोर्टल पर अपडेट किए जाने हेतु निर्देशित किया।वर्षाकाल में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिये कि जर्जर भवनों की शीघ्र मैपिंग कर तत्काल ही उन्हें डिसमेण्टल (तोड़ने ) की कार्यवाही पूर्ण की जाना सुनिश्चित की जाये तथा इस प्रक्रिया में कोताही ना बरती जाये। आकांक्षी ब्लॉक के तहत आने वाले कार्यों जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड, डाटा के सेचुरेशन, स्वयं सहायता समूहो के रिवोल्विंग फंड से सम्बन्धी प्रगति रिपोर्ट लेकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने को कहा, साथ ही हर सप्ताह की कार्ययोजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। बेसमेंट में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी, स्पर्श पोर्टल पर छूटे हुए दिव्यांगजनो का सर्वे कर सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया, असंगठित प्रवासी श्रमिको को पात्रता पर्ची दिये जाने से सम्बन्धी कार्यो, राशन दुकानो के निरीक्षण, दिव्यांगजनों को दिए जाने वाले लाइसेंस की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाईन पर लंबित प्रकरणो की विभागवार समीक्षा कर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में यूरिया की उपलब्धता एवं भविष्य की मांग के सम्बन्ध में समीक्षा कर समन्वित प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद श्री अनिल कुमार राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री सत्यनारायण दर्रो, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थांदला श्री तरुण जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर श्री मुकेश सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षयसिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस बघेल एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य अनुरूप कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

**खरगोन** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन के सभाकक्ष में शाखा प्रबंधकों की आहूत समीक्षा बैठक में प्रभारी सीईओ श्री अनिल कानुनगों ने कृषि/अकृषि ऋणों की वसूली, अल्पावधि कृषि ऋण वितरण, रासायनिक खाद का भंडारण तथा किसानों को वितरण करने एवं भारत सरकार की पैक्स कम्प्युटराईजेशन योजनांतर्गत अब तक हुए कार्यों, सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के त्वरित निराकरण के सम्बन्ध में वन टू वन शाखा प्रबंधकों से चर्चा कर कार्यों को मुस्तैदी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शाखाओं में पदस्थ अधिनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैंक के दैनिक कामकाज में लापरवाही क्षम्य योग्य नहीं होगी। बैठक में कृषि ऋणों की वसूली एवं अमानत संग्रहण के लक्ष्यों को हासिल नहीं करने वाले शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 में पात्रताधारी कृषकों के अधिक से अधिक बीमे कराने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में एचडीएफसी एग्रो के प्रतिनिधि श्री राकेश रघुवंशी द्वारा बीमे करने एवं पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, ताकि संस्थाओं को कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो। बैठक में श्री राजेन्द्र आचार्य, नोडल अधिकारी जिला बडवानी, संध्या रोकडे, प्रबंधक विपणन, रविन्द्र महाजन, प्रभारी लेखा, क्षेत्रिय अधिकारी खेमचन्द्र सौलंकी, संजय शर्मा, ओमप्रकाश रघुवंशी, सहित खरगोन एवं बडवानी जिले की शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।



# कलेक्टर, अपर कलेक्टर , डिप्टी कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें

**उमरिया**

उमरिया. साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ने जिले के दूर दराज से आये आवेदको की समस्यायें सुनी एवं मौके पर निराकरण कराया ।



जनसुनवाई में ग्राम मडवा से आये लोगों ने शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, संतराम बैगा ग्राम नरवार ने मोटराईज्ड ट्राईसिकिल की बैट्री बदलवाने, बाला प्रसाद तिवारी ग्राम मडवा मे आने जाने का रास्ता सुलभ कराने, राम लाल विश्वकर्मा ग्राम पथरहठा मे बीपीएल तथा पेंशन योजना का लाभ दिलाने, मिट्ठू कुम्हार ग्राम चंदिया ने सीमांकन कराने संबंधी आवेदन पत्र दिया ।

## कलेक्टर अतिदि गर्ग के निर्देश से जनसुनवाई के दौरान मनोज शांतिलाल पाटनी को नवीन आयुष्मान कार्ड बना कर दिया।

**मन्दसौर**



कलेक्टर श्रीमती अतिदि गर्ग के निर्देश से जनसुनवाई कक्ष के बाहर आयुष्मण केंद्र प्रारंभ हो गया है, आज जो लोग आयुष्मान कार्ड न होने से संबंधित शिकायत लेकर आए थे, उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। अब प्रति मंगलवार आम जनता के आयुष्मान कार्ड जनसुनवाई के दौरान भी बनेंगे।

**प्रातः 09.00 बजे से रात्रि के 09.00 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित**

# डिंडौरी पुलिस ने एंट्री पाइंट में लगाये "नो एंट्री के बोर्ड"




**डिंडोरी** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने प्रातः 09.00 बजे से रात्रि के 09.00 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित किया है। किन्तु शहर के एंट्री पाइंटों में नो एंट्री के बोर्ड न लगे होने से बाहरी भारी वाहन चालक जानकारी के अभाव में नो एंट्री के समय में शहर में प्रवेश कर रहे थे। बोर्ड न लगे होने से ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किये जाने में समस्याओं का सामना कर पड रहा था, फिर भी विगत 01 माह में शहर में नो एंट्री के समय भारी वाहन प्रवेश कराने वाले 07 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की गई। जो उक्त समस्या को दृष्टीगत रखते हुये थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उइके द्वारा यातायात टीम के साथ शहर के एंट्री पाइंटों (01) कालेज तिराहा (02) मण्डला बायपास तिराहा एवं समनापुर तिराहा में जेल बिल्डिंग के पास नो एंट्री के बोर्ड लगवाये गये है। जिससे बाहरी भारी वाहन चालकों को बोर्ड के माध्यम से जानकारी हो सकें कि आगे शहर की सीमा है, एवं प्रातः 09.00 बजे से रात्रि के 09.00 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त व्यापारी संघ के अध्यक्ष को पत्राचार किया जाकर सभी व्यापारी बन्धुओं को भी नो एंट्री के संबंध में जानकारी देते हुये नियत समयावधि में भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं कराने हेतु अवगत कराया गया है।

## कलेक्टर सूर्यवंशी ने 135 आवेदनों पर की जनसुनवाई

**बैतूल**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को 135 आवेदनों पर जनसुनवाई की। श्री सूर्यवंशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**वार्डवासियों ने की पट्टे की मांग** जनसुनवाई में दुर्गा वार्ड क्रमांक-3 के वार्डवासियों ने पट्टा एवं रोड, नाली, बिजली जैसी मुलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की। आवेदन के माध्यम से वार्डवासी राधेश्याम सिहाने ने बताया कि लगभग 25 वर्षों से 450 परिवार बस्ती में निवासरत है। वार्ड में सडक़, नाली, बिजली जैसी मुलभूत सविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पट्टा दिए जाने कई बार आवेदन भी दे चुके है। आवेदन में उल्लेख किया है कि वार्ड में सडक़ एवं नाली निमार्ण कार्य स्वीकृत हो चुका है, लेकिन नगर पालिका को बजट नहीं होने से उक्त निर्माण कार्य अधूरे पड़े है। वार्ड में नाली नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी रोड पर पड़ा रहा है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। वहीं वार्ड में कचरा गाड़ी भी नहीं आती है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जांच कर प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश प्रदान किए है।

**भूमि का सर्वे कराए जाने की मांग** शाहपुर तहसील के ग्राम मालसिलपटी निवासी दिनेश जोहरी ने आवेदन के माध्यम से भूमि का उचित सर्वे कराए जाने की मांग की। आवेदन के माध्यम से बताया कि जमीन का सर्वे किए जाने के लिए शाहपुर एसडीएम को आवेदन दिया था। जल संसाधन उपसंभाग शाहपुर के द्वारा एसडीएम को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया,



जिसमें झूठी जानकारी बताई गई थी। जबकि मौके पर कोई सर्वे नहीं किया गया। झूठे प्रतिवेदन के चलते उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को जांच के निर्देश दिए।

**पीएम किसान सम्मान निधि** बैतूल के चक्कर रोड सोनाहिल निवासी अजय पंवार ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने संबंधी आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि क्रमांक 296086471 की राशि अप्राप्त है। इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी दर्ज की, लेकिन आज तक न्याय नहीं मिला है। इसके अलावा बैतूल एवं घोड़ाडोंगरी तहसील में भी आवेदन दिया, परंतु निराकरण नहीं हुआ। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई किए जोन के निर्देश दिए।

**अतिथि शिक्षक को 4 माह से नहीं मिला वेतन** सारणी के ग्राम सुखाढ़ाना निवासी अतिथि शिक्षक पूजा लिल्होरे ने आवेदन के माध्यम से 4 माह से वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। आवेदन में उल्लेख किया कि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी में माह जुलाई 2023 से फरवरी 2024 तक अतिथि शिक्षक वर्ग-1 गणित विषय के पद पर कार्यरत रही। लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश के आदेशानुसार शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी में माह अक्टूबर से फरवरी माह तक कार्य किया। किन्तु नवंबर से फरवरी माह 2024 का मानदेय अप्राप्त है।

# नवागत कलेक्टर की नई पहल जनसुनवाई में निःशुल्क टाइप होंगे आवेदन

## आयुष विभाग के माध्यम से मिलेंगी सामान्य दवाइयां

**सागर**

नवागत कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने एक नई पहल करते हुए जनसुनवाई में निःशुल्क आवेदन टाईप करने की सुविधा के निर्देश दिए हैं।मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अब यहां आने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क आवेदन टाइप कराने की सुविधा मिलेगी।जनसुनवाई स्थल पर ही कंप्यूटर, प्रिंटर लगाकर ऑपरेटर के द्वारा उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन टाईप कराके दिया जाएगा। जिससे कि वह अपनी समस्या संबंधित अधिकारी को जनसुनवाई में प्रस्तुत कर सकें। कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने बताया कि जनसुनवाई में संपूर्ण जिले से व्यक्ति अपनी समस्या के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को आते हैं। शासन की मंशा है कि



आवेदकों की समस्याओं का निराकरण एक सरल प्रक्रिया के माध्यम से हो सके। जिसके परिपेक्ष्य प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई स्थल पर कंप्यूटर, प्रिंटर एवं ऑपरेटर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. ने बताया कि जनसुनवाई में आयूष विभाग के माध्यम से निःशुल्क सामान्य दवाइयां वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि, इसी प्रकार अन्य विभाग भी अपने विभाग की लोक हितकारी योजनाओं की जानकारी आने वाले व्यक्तियों को दे सकते हैं। जिससे कि शासन की योजनाओं की व्यापक स्तर जानकारी मिल सकेगी।इस दौरान अपर कलेक्टर श्री रुपेश उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अदिति यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय डेहरिया तथा सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



**मंडला** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। 125 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत आमानाला निवासी रजनी मरावी ने मुआवजा राशि के भुगतान के संबंध में, ग्राम अहमदपुर निवासी श्रवण कुमार ने क्रेडिट कार्ड से अवैध रूप से पैसे निकाल लेने के संबंध में, ग्राम पुरवा निवासी नेहा बंसकार ने खाता खुलवाने वाले के संबंध में, ग्राम बम्हनी भावल निवासी बसंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, साथ ही पेंशन सहायता, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार, मजदूरी भुगतान, स्वास्थ्य सहायता सहित अलग-अलग विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिया साइबर तहसील का प्रशिक्षण

**सीधी**

प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर तहसील-2 के संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसमें अविवादित नामांतरण के प्रकरण 20 दिनों में निराकृत हो रहे हैं। जमीन का बंटवारा होने के बाद समस्त कार्यवाहियाँ ऑनलाइन पूरी की जा रही हैं। पक्षकारों को मोबाइल नम्बर तथा ईमेल के माध्यम से कार्यवाही की जानकारी दी जा रही है। प्रकरण के संबंध में ई माध्यम से ही पक्षकार आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। पटवारी सारा पोर्टल में वेबजीईएस से ड्राफ्ट नक्शे तैयार कर ऑनलाइन नामांतरण के प्रतिवेदन दे रहे हैं। इसमें यदि नक्शे में बटांकन करना है तो सभी पक्षकारों की सहमति होना आवश्यक है। बंटवारा और नामांतरण होने के साथ ही साइबर तहसील के माध्यम से आदेश का अमल हो जाएगा। इसके लिए पृथक से प्रकरण तैयार करने और आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि साइबर तहसील के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तहसीलदार और पटवारी दोनों को बहुत सहूलियत होगी। राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। सभी कलेक्टर और एसडीएम तहसीलों का निरीक्षण करें। तहसीलों में ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों को आरसीएमएस में दर्ज कराएं। रीडर की आईडी में दर्ज सभी प्रकरण कार्यवाही के लिए तहसीलदार की आईडी में भेजें। अब आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण रिजेक्ट करने का ऑप्शन



नहीं रहेगा। सभी प्राप्त प्रकरण दर्ज होंगे। तहसीलदार सुनवाई के बाद प्रकरण रिजेक्ट कर सकेंगे। प्रमुख सचिव ने संपदा पोर्टल, डिजिटल सर्वे के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति तथा रोजगार सहायकों से ई केवाईसी कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा तथा अन्य राजस्व अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

### बांग्लादेश की सियासी बिसातः हसीना और उनकी पार्टी के सफाए की हुई डील

# सेना प्रमुख ने भारत समर्थक मेजर जनरल किया बर्खास्त

**नेशनल डेस्क**। बांग्लादेश में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल अरमान उल-हक ने सत्ता पर नियंत्रण लिया है। भारत समर्थक मेजर जनरल को बर्खास्त कर दिया गया है और अमेरिका समर्थक लेफ्टिनेंट जनरल को विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हसीना की पार्टी के मंत्रियों और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी की जा रही है। सेना ने भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप में कई प्रमुख नेताओं को हिरासत में लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद आर्मी चीफ वकार उज जमां ने सत्ता पर शिकंजा कस लिया है। छात्रों के आरक्षण विरोधी आंदोलन की आग को भड़काने वाले बीएनपी और जमात के साथ आर्मी चीफ ने बड़ी डील की है। इसके तहत पूर्व पीएम हसीना की पार्टी अवामी लीग का सफाया करना है। अब तक हसीना सरकार के 10 मंत्री और अन्य कई बड़े नेताओं को अरेस्ट किया गया है। देश छोड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद और पूर्व टेलीकॉम मंत्री जुनेद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के बिना किसी पूर्व मंत्री, नेता या नौकरशाह को देश छोड़ने की इजाजत नहीं है। धरपकड़ के डर से सैकड़ों नेता अंडरग्राउंड हो गए हैं। जबकि बीएनपी और जमात के लगभग 9 हजार कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश



में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित है और उन्हें निकालने की जरूरत नहीं है। बांग्लादेश संकट पर भारत की नीति फिलहाल देखो और इंतजार करो की है। बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति से निपटने के लिए भी भारत तैयार है। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विभिन्न दलों के नेताओं को बांग्लादेश की स्थिति और भारत की रणनीति की विस्तार से जानकारी दी। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने हसीना सरकार के पतन में विदेशी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया। नई दिल्ली में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, बांग्लादेश से भारतीयों को निकालने जैसे हालात अभी नहीं हैं। सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा, लगभग 8 हजार छात्र वहां से लौट चुके हैं। अभी वहां 12 हजार भारतीय हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी बैठक में शामिल हुए। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। राजधानी ढाका स्थित प्रधानमंत्री आवास के परिसर में चाट बेचने की घटनाएं हो रही हैं। इस विचित्र घटनाक्रम ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है और देश की वर्तमान स्थिति पर सवाल खड़े किए हैं। पीएम हाउस, जो कि देश का एक महत्वपूर्ण स्थान है, वहां इस तरह की गतिविधियों का होना सुरक्षा में बड़ी कमी को दर्शाता है। यह घटना उस समय सामने आई जब प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ प्रदर्शन और विरोध तेज हो गए थे। हसीना के इस्तीफा देने और बांग्लादेश छोड़कर जाने के बाद पीएम हाउस %गणबंधन% को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं, यहां चाट-समोसे के खोमचे भी लग गए हैं।

**बांग्लादेश सेना ने भारत समर्थक मेजर जनरल किया बर्खास्त**

बांग्लादेश सेना ने भारत समर्थक मेजर जनरल को बर्खास्त कर दिया और अमेरिका समर्थक लेफ्टिनेंट जनरल को विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। भारत, अमेरिका, और अन्य देशों ने स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में चल रहे इस राजनीतिक संकट का परिणाम अनिश्चित है। यदि सेना और अंतरिम सरकार देश में स्थिरता और शांति बहाल करने में सफल होती हैं, तो यह बांग्लादेश के लिए एक नई शुरुआत हो सकती है। हालांकि, अगर यह संकट लंबा खिंचता है और विपक्षी दलों के साथ टकराव बढ़ता है, तो इससे देश में और अधिक अस्थिरता पैदा हो सकती है।

**खालिदा जिया के बेटा लंदन से पहुंच रहा ढाका**

नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस ( 84 ) अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगे। उन्हें मुख्य सलाहकार बनाया गया है। देर शाम को तीनों रक्षा प्रमुखों और बांग्लादेश स्टूडेंट यूनियन के 13 सदस्यों की राष्ट्रपति से मुलाकात में यूनुस के नाम पर सहमति बनी है। यूनुस अभी पेरिस में हैं। वे ओलिंपिकआयोजन समिति के सदस्य हैं। पूर्व पीएम खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी की आमसभा होगी। बीएनपी के कार्यवाहक चेयरपर्सन तारिक रहमान सभा को संबोधित करेंगे। तारिक खालिदा जिया के पुत्र हैं, वे बुधवार को लंदन से ढाका पहुंच रहे हैं। को भंग कर दिया है। स्टूडेंट यूनियन ने मंगलवार बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद तक संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था।

### दंगों की आग में जल रहा ब्रिटेन

# सरकार ने हालात पर काबू के लिए 6,000 विशेषज्ञ पुलिसकर्मी किए तैयार

**लंदन**। ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को बताया कि तीन बचों की हत्या के बाद भड़के दंगों से निपटने के लिए 6,000 विशेष पुलिस अधिकारी तैयार हैं। । प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को मंत्रियों और पुलिस प्रमुखों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। स्टारमर ने मीडिया को बताया कि सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली को सख्त करेगी ताकि दंड शीघ्र मिल सके। नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल ने बताया कि अब तक 378 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य लोगों को भी न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। इस घटना के बाद पूरे हफ्ते हिंसा होती रही। सोमवार को, दक्षिण इंग्लैंड के प्लायमाउथ में दंगाइयों ने ईंटें और पटाखे फेंके, जिससे छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में, दंगाइयों ने एक विदेशी नागरिक की दुकान को आग लगाने की कोशिश की, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस ने इसे नस्लीय घृणा अपराध माना है। इस बीच, बर्मिंघम में एक समूह ने एक संभावित फासीवादी प्रदर्शन को रोकने के लिए इकट्ठा होकर फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाते हुए एक स्काई न्यूज़ रिपोर्टर को डराया। एक अन्य रिपोर्टर ने कहा कि उसे हथियार की तरह दिखने वाली चीज के साथ पीछा किया गया। पुलिस ने बताया कि एक पब और एक कार को नुकसान पहुंचाया गया।

दंगों की शुरुआत पिछले मंगलवार को हुई जब दक्षिणपोर्ट में एक टेलर स्विफ्ट-थीम वाली डांस क्लास में तीन बचों की चाकू मारकर हत्या




कर दी गई । तब से कई शहरों और कस्बों में हिंसा फैल गई, जिसके चलते सैकड़ों गिरफ्तारियां हुईं। न्याय मंत्री हेडी एलेक्जेंडर ने मंगलवार को बीबीसी रेडियो 4 को बताया कि सरकार ने 500 अतिरिक्त जेल स्थान और 6,000 विशेष पुलिस अधिकारियों की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि दंगों और अव्यवस्था के परिणामस्वरूप जिन्हें भी जेल की सजा दी जाएगी, उनके लिए जेल में जगह होगी। दंगाइयों ने ईंटें और पटाखे फेंके, पुलिस पर हमला किया, दुकानों में आग लगाई, कारों और घरों की खिड़कियां तोड़ीं और कई शहरों में शरणार्थियों के होटलों को निशाना बनाया।

प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को मंत्रियों और पुलिस प्रमुखों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। स्टारमर ने मीडिया को बताया कि सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली को सख्त करेगी ताकि दंड शीघ्र मिल सके। नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल ने बताया कि अब तक 378 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य लोगों को भी न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। बुधवार को दक्षिणपोर्ट में झड़पें शुरू हुईं, जब वहां तीन लड़कियों की हत्या और पांच अन्य बचों के गंभीर रूप से घायल होने की खबरें आईं। शुरुआत में सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलीं कि हमलावर एक मुस्लिम शरणार्थी था। बाद में संदिग्ध की पहचान 17 वर्षीय एक्सेल रुडकुबाना के रूप में हुई, जो वेल्स में पैदा हुआ था। यूके मीडिया ने बताया कि उसके माता-पिता रवांडा से हैं, जहां बहुत कम मुस्लिम हैं।

# लूट का विरोध करने पर मवेशी व्यवसाई की गोली मारकर हत्या

### डेढ़ लाख लेकर फरार हुए लुटेरे

**अररिया**। बिहार में चोर, लुटेरे और गुंडा तत्वों के हौसले पूरी तरह से बुलंद है और वह आए दिन चोरियों, हत्याओं और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला अररिया जिले से सामने आया है, जहां पर अपराधियों ने बुधवार की सुबह एक मवेशी की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।




**लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने मारी गोली**

जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर नहर के पास का है। मृतक की पहचान जिले के पलासी थाना क्षेत्र के बरबन्ना गांव निवासी मवेशी व्यवसायी बाबू अख्तर (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मवेशी व्यवसायी बाबू अख्तर अपने पिता मोहम्मद सुलेमान के साथ मैजिक वाहन से मवेशी खरीदने मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर जा रहा था। इसी दौरान रानीगंज-अररिया मार्ग पर रामपुर नहर के समीप बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने मैजिक वाहन को रोक लिया और लूटपाट की कोशिश की। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने बाबू अख्तर को गोली मारकर घायल कर दिया और मैजिक वाहन में रखे डेढ़ लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

वहीं, गोली लगने के बाद घायल बाबू अख्तर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। रानीगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की छानबीन की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ओकलाहोमा सिटी में छोटा विमान क्रैश

### सवार सभी लोगों की मौत

**न्यूयार्कः** अमेरिका के ओकलाहोमा सिटी में मंगलवार दोपहर एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओकलाहोमा सिटी के अग्निशमन अधिकारी जॉन चेनोवेथ ने बताया कि शहर के बाहरी इलाके में स्थित



सनडांस हवाई अड्डे पर दोपहर करीब डेढ़ बजे एकल इंजन वाले एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। चेनोवेथ ने कहा कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। हालांकि, एफएए, एनटीएसबी और सनडांस हवाई अड्डे के प्रबंधन ने इस विमान हादसे पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# पहले तलवार से काटा... फिर गोली मारकर कर दी जीजा की हत्या

### बहन के प्रेम विवाह से नाराज था भाई

**नेशनल डेस्क**। राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक युवक पर तलवार से हमला किया गया और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात सूरजगढ़ इलाके में हुई। उसने बताया कि मृतक की पत्नी के भाई पर अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी बहन के परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी करने से नाखुश था। पुलिस के मुताबिक, वारदात के दौरान मृतक की पत्नी किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रही। उसने बताया कि करीब आधा दर्जन आरोपियों ने मंगलवार रात युवक अंकित के घर में घुसकर उस पर तलवार से हमला किया और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में पता चला है कि अंकित का मोनिका से प्रेम संबंध था और करीब सात महीने पहले दोनों ने मोनिका के परिवार की मर्जी के खिलाफ भागकर शादी कर ली थी। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात मोनिका के भाई रिंकू और अन्य लोगों ने अंकित के घर जाकर उस पर तलवार से हमला कर दिया और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, वारदात के दौरान मोनिका ने खेत की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। उसने पुलिस को बताया कि उसका परिवार इस शादी से खुश नहीं था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ईरान में मिसाइल लॉन्चरों की हलचल तेज !

# अगले 48 घंटे इजरायल पर भारी, वॉर रूम से बाइडन की स्थिति पर पैनी नजर

**वाशिंगटन**। ईरान में मिसाइल लॉन्चरों की हलचल तेज होने के बाद अगले 48 घंटे इजरायल पर भारी माने जा रहे हैं। इजराइल पर ईरानी हमले की आशंकाओं के बीच तेहरान मंगलवार को उड़ान सुरक्षा चेतावनी के तहत नोटिस टू एयरमैन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि 7 और 8 अगस्त को पश्चिमी ईरान में गन- फाइरिंग की गतिविधियों का खतरा है। इसमें समुद्र तल से 12,000 फीट की ऊंचाई तक खतरे का क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इसी के साथ जॉर्डन ने भी इसी तरह की चेतावनी जारी की है। इसको इजराइल पर ईरानी हमले का एक संकेत माना जा रहा है। वहीं, बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर, दुनिया की बड़ी ताकतें हालात पर करीब से नजर रख रही हैं। रूसी सुरक्षा प्रमुख सर्गेई शोइगु ने जहां ईरान पहुंचकर जहां ईरानी राष्ट्रपति से मुलाकात की है वहीं अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी वाइट हाउस के वॉर रूम में पहुंचकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में हालात का जाएजा लिया।

बैठक में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस समेत अमरीका के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री भी मौजूद थे। बाइडने को इराक में मौजूद अमरीका के अल असद एयरबेस पर हमले की जानकारी भी दी गई, जिसमें 5 अमरीकी सैनिक घायल हुए। बाइडन को ईरान में मिसाइल लॉन्चरों की आवाजाही के साथ नए अंडरग्राउंड बेस के बारे में बताया गया। पर इस बारे में अधिक स्पष्टता नहीं थी कि हमला कब और कैसे होगा। इराक में अमरीकी सैन्य बेस पर हमला (इनसेट में) और ईरान के इजरायल पर हमले की आशंकाओं के मद्देनजर अमरीकी राष्ट्रपति ने सिचुएशन रूम में स्थिति का जाएजा लिया।

**दो तरह के हमलों की आशंका**

अमरीकी सुरक्षा परिषद की बैठक में राष्ट्रपति बाइडेन और वीपी हैरिस को बताया गया कि खुफिया एजेंसियों को इजरायल पर दो तरह के हमलों की आशंका है। एक हिजबुल्लाह की ओर से और दूसरा ईरान और उसके कई अन्य प्रॉक्सी संगठनों की ओर से। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि पहले हमला कौन करने जा रहा है और वे किस प्रकार का हमला करने जा रहे हैं। बैठक के बाद वाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि इराक में हमारे सैन्य बलों पर हमलों को देखते हुए उनकी रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही, हमारे कर्मियों पर किसी भी हमले का जवाब सही समय और सही स्थान पर देने के बारे में भी चर्चा हुई। बयान में यह भी कहा गया है कि वाइट हाउस चौबीसों घंटे यह प्रयास कर रहा है कि पश्चिम एशिया में जंग को टाला जा सके।

**जवाबी कार्रवाई हमारा हक- ईरानी राजदूत**

भारत में ईरान के राजदूत डॉ. इराज इलाही ने कहा है कि अपने देश की सुरक्षा करना हमारा अधिकार है। हम जवाबी कार्रवाई कैसे करेंगे, इस पर विचार चल रहा है। पर इतना तय है कि हम जवाबी कार्रवाई करेंगे। पुतिन का खामेनेई से संयम बरतने का आग्रह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के सर्वोच नेता अली खामेनेई से हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या पर संयम बरतने का आह्वान किया। यह अपील रूसी सुरक्षा प्रमुख सर्गेई शोइगु ने ईरानी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान की। बैठक में ईरान की ओर से रूसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 की आपूर्ति पर भी चर्चा हुई है।

**अब दरवेश के हाथों में हमास का नेतृत्व**

हमास ने मुहम्मद इस्माइल दरवेश को अपना नया प्रमुख चुना है।

कतर में रहने वाले दरवेश हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख के रूप में इस्माइल हानिया की जगह लेंगे। हिजबुल्लाह का इजरायल पर ड्रोन हमला, सात घायल इस बीच इजरायल के पश्चिमी गैलिली में हिजबुल्लाह के ड्रोन हमले में मंगलवार को कम से कम सात लोग घायल हो गए. जिनमें से एक की हालत गंभीर है। इजरायल सेना के अनुसार, घायलों में से कम से कम एक व्यक्ति आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल के खराब होने के कारण ड्रोन की जद में आ गया। वहीं, इसके बाद इजरायल ने भी लेबनान में हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर हमला किया है, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569